विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

वर्ष : 27 | अंक : 165 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 05 जून, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# अयोध्या में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा

## अभिजीत मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा, मुख्यमंत्री योगी ने की पूजा-अर्चना







**अयोध्या (एजेंसी)।** श्रीराम जन्मभूमि पर नवनिर्मित भव्य राम मंदिर के पहले तल पर स्थित राजदरबार में आज श्रीराम स्वयं विराजमान हुए। आज यानी 5 जून को अभिजीत मुहूर्त और स्थिर लग्न में रामदरबार समेत मंदिर परिसर के सात अन्य मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अयोध्या और काशी के 101 आचार्यों ने वैदिक मंत्रों के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराया। मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था और पूरा वातावरण वैदिक ऊर्जा से गुंजायमान था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### इन मंदिरों की भी होगी प्राण प्रतिष्ठा

- ईशान कोण शिवलिंग
- अग्निकोण श्रीगणेश
- दक्षिण मध्य महाबली हनुमान
- नैऋत्य कोण सूर्य देव
- वायव्य कोण मां भगवती
- उत्तर मध्य मां अन्नपूर्णा
- मुख्य मंदिर प्रथम तल श्रीराम दरबार
- दक्षिण पश्चिम परकोटा शेषावतार



## मुख्यमंत्री ने लगाया विल्व का पौधा

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर जनपद लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर पवित्र विल्व वृक्ष का पौधरोपण कर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को आगे बढ़ाकर प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान 1 से 7 जुलाई के बीच 'वन महोत्सव' के बड़े कार्यक्रम के साथ उत्तर प्रदेश वासी जुड़ेंगे। इस बार भी 35 करोड़ से अधिक वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा है। यह क्रम 15 अगस्त तक निरंतर चलेगा।

## सीईओ ने कई सेक्टरों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का लिया जायजा



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने आज जनस्वास्थ्य विभाग के मातहत अफसरों के साथ सेक्टर-145 स्थित डंपिंग ग्रांउड का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने एक्सप्रेसवे, सेक्टर-142 तथा 144 का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई व्यवस्था का उन्होंने जायजा लिया तथा कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस मौके पर उनके साथ जनस्वास्थ्य विभाग के महाप्रबंधक एसपी सिंह, ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह, खण्ड-1 के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल, खण्ड-।। के वरिष्ठ प्रबंधक आर.के. शर्मा आदि कई अधिकारी मौजूद थे।

## जीबीयू में कुक ने की आत्महत्या

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना ईकोटेक-1 क्षेत्र के जीबीयू में रहने वाले एक कुक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के पीछे पारिवारिक कारण बताए जा रहे हैं। मूल रूप से आगरा का रहने वाला प्रदीप जीबीयू में कुक का काम करता था। रात्रि के समय उसने अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रदीप को फांसी पर लटका देखकर उसके सहयोगियों ने थाना ईकोटेक वन पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे फंदे से उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। प्रारंभिक जांच पड़ताल में पता चला है कि प्रदीप ग्रेटर नोएडा में अकेला रह रहा था और पिछले कुछ समय से पारिवारिक कारणों की वजह से (शेष पृष्ठ-3 पर)

## रोडवेज में विदेशी नागरिकों ने की मारपीट

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा में रोडरेज की घटना के बाद विदेशी नागरिकों द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि मारपीट की घटना के दौरान विदेशी नागरिक शराब के नशे में थे। पीड़ित ने थाना बीटा-2 में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मूलरूप से ग्राम शेखपुरा जनपद पलवल हरियाणा के रहने वाले सुनील कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका कार्यालय एनआरआई सोसाइटी में है। 4 जून की रात्रि को वह अपने साथी खेमचंद के साथ अपनी कार से जा रहा था। इस दौरान पीछे से तेज गति में आ रही इनोवा गाड़ी के चालक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। इनोवा कार में चालक के साथ तीन और व्यक्ति बैठे हुए थे। टक्कर लगने के बाद कार चालक व तीनों व्यक्तियों ने अपनी गाड़ी से उतारकर उनके तथा खेमचंद के साथ मारपीट शुरू कर दी।

पीड़ित के मुताबिक इनोवा कार में चीनी मूल के तीन लोग थे जो शराब के नशे में थे। आरोपी इस कदर नशे में थे कि वह मारपीट के दौरान सड़क पर गिर पड़ रहे थे। सुनील कुमार ने इनोवा कार के चालक चीन निवासी चांगचीजोंग, लिशयालूंग, शियेफिंग और बोधगया बिहार निवासी शशि भूषण के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित के मुताबिक आरोपी हाल में सेक्टर ओमेगा वन 2 में रह रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## ट्रैक्टर चालक ने मासूम बच्चे को कुचला, मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से एक 6 वर्षीय मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के समय बच्चा अपने घर के बाहर खेल रहा था।



ककराला में रहने वाले दाऊद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि कुछ दिनों पूर्व उनका 6 वर्षीय नाती मोहम्मद जैद उनके घर आया था। 2 जून की सुबह उनका नाती घर के बाहर खेल रहा था इस दौरान घर के सामने रहने वाले समीर ने लापरवाही से ट्रैक्टर चला कर मोहम्मद जैद को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल हुए मोहम्मद जैद ने मौके पर ही दम तोड़ दिया हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक समीर मौके से फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## लग्जरी गाड़ियां चुराने वाले गिरोह के साथ मुठभेड़



पुलिस से गोली से घायल हुआ बदमाश, तीन गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-113 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 3 शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से एक ईनामी बदमाश घायल हो गया। इनके पास से चोरी की चार लग्जरी कार बरामद हुई हैं। बीती रात्रि पुलिस गश्त पर थी इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रेकी करने के बाद चार पहिया वाहनों को चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य किसी वारदात को (शेष पृष्ठ-3 पर)

## विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा नेताओं ने किया पौधारोपण



**नोएडा (चेतना मंच)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर आज नोएडा महानगर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेक्टर-37 अंबेडकर पार्क में पौधारोपण किया गया। इसके बाद पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए संगोष्ठी आयोजित की गई।

भाजपा अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने अंबेडकर पार्क में पौधारोपण किया। इस मौके पर भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान तथा अन्य पदाधिकारियों ने भी पौधारोपण किया। (शेष-3 पर)

## पुलिसकर्मी के घर में चोरों ने लगाई सेंध

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** शातिर चोरों ने मुरादाबाद में तैनात एक पुलिस उप निरीक्षक के निर्माणाधीन मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर मकान में रखे बिजली के तार के 42 बंडल को चोरी कर ले गए। उपनिरीक्षक ने थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज कराया है। मूल रूप से जनपद अलीगढ़ के रहने वाले पवन कुमार पाठक उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक के पद पर तैनात हैं। वह हाल में जनपद मुरादाबाद के एक थाने में कार्यरत हैं। उप निरीक्षक पवन कुमार पाठक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह ग्रेटर नोएडा के ओमिक्रोन सेक्टर में अपना मकान बनवा रहे हैं। 25 मार्च के रात्रि को चोरों ने उनके घर में वायरिंग के लिए रखे 42 बंडल पॉलिकैब कंपनी के चोरी कर लिए। चोरी गए बिजली तार के बंडलों की कीमत करीब 80 हजार रुपए है। जानकारी मिलने पर उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। थाना सूरजपुर पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## महिला को घर में अकेला देख घुसा युवक, की छेड़खानी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना जेवर क्षेत्र के एक गांव में रहने वाला युवक पड़ोस में रहने वाली महिला को अकेला देखकर उसके घर में घुस गया और छेड़खानी करने लगा। महिला के विरोध करने तथा परिजनों के आने पर आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाना जेवर में मुकदमा दर्ज कराया है।

जेवर के गांव में रहने वाली कंचन (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि वह शाम के समय अपने घर में खाना बना रही थी। घर पर कोई भी परिजन नहीं था इस दौरान पड़ोस में रहने वाला हरिया नामक युवक छत से कूदकर उसके घर में घुस आया और उसके साथ छेड़खानी और अश्लील बातें करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसे धमकी दी। इस दौरान उसके ससुर और सास घर में आ गए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दहेज में स्कॉर्पियो न लाने पर विवाहिता का कराया गर्भपात

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** दहेज में स्कॉर्पियो न मिलने से गुस्साए ससुराल वालों ने नव विवाहिता का उत्पीड़न शुरू कर दिया। हद तो तब हो गई जब ससुराल वालों ने गर्भवती को दवाई मिल लड्डू खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया। पीड़िता ने अपने पति सहित 6 ससुराल वालों के खिलाफ थाना दनकौर में मुकदमा दर्ज कराया है।



दनकौर की रहने वाली कामिनी (काल्पनिक नाम) ने बताया कि 7 दिसंबर 2024 को उसकी शादी रीलखा निवासी कपिल शर्मा के साथ हुई थी। शादी के समय उसके परिजनों ने अपनी हैसियत अनुसार दान दहेज दिया था। इसके बावजूद भी ससुराल वाले उससे संतुष्ट नहीं थे। शादी के अगले दिन जब वह अपने ससुराल पहुंची तो वहां पर दहेज को लेकर उसे तरह-तरह के ताने दिए जाने लगे। शादी के तीसरे दिन ही उसके पति कपिल शर्मा ने कहा कि उसे दहेज में स्कॉर्पियो गाड़ी चाहिए थी लेकिन उसके परिजनों ने गाड़ी नहीं दी। पीड़िता के मुताबिक आए दिन किसी न किसी बात पर उसका पति कपिल शर्मा (शेष पृष्ठ-3 पर)

## जम्मू पहुंचे सांसद आवास समिति के अध्यक्ष डॉ. महेश शर्मा

### आवास संबंधी विकास कार्यों का किया निरीक्षण व की समीक्षा बैठक





**नोएडा (चेतना मंच)।** लोकसभा की आवास समिति के अध्ययन दौरा (2024-2025) के प्रथम दिवस के अंतर्गत समिति के अध्यक्ष एवं गौतमबुद्धनगर से सांसद डा. महेश शर्मा अपने साथ सांसद गणों सहित आज जम्मू पहुँचे। जम्मू एयरपोर्ट आगमन पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को चुनरी ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया गया।

जम्मू हवाई अड्डे से समिति ने श्री माता वैष्णो देवी भवन के लिए प्रस्थान किया। भवन पहुँचने पर श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशुल गर्ग ने पुष्पगुच्छ भेंट कर समिति अध्यक्ष डा. महेश शर्मा का स्वागत किया। लोकसभा आवास समिति के अध्यक्ष डा. महेश शर्मा (शेष पृष्ठ-3 पर)

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

## साक्षरता की स्थिति

भारत की साक्षरता का प्रतिशत करीब 81 फीसदी होना एक सराहनीय उपलब्धि व मील का पत्थर ही है। देश की आजादी के वक्त की साक्षरता स्थिति से इसकी तुलना करें तो इसे उपलब्धि की तौर पर देखा जाना चाहिए। किसी समाज में साक्षरता का स्तर उसकी प्रगति का आईना ही होता है। ये आंकड़े हमारे समाज की शिक्षा तक पहुंच में निरंतरता का पर्याय भी हैं। हालांकि, 2023-24 के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण यानी पीएलएफएस के आंकड़ों से यह भी उजागर होता है कि सार्वभौमिक साक्षरता की ओर राष्ट्र का यह कदम निरंतर कई असमानताओं से भी बाधित है। खासतौर पर यह भेद लिंग और क्षेत्रीय आधार पर नजर आता है। उदाहरण के लिए देखें तो शहरी क्षेत्रों में साक्षरता की दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक है। जिसका मुख्य कारण शहर केंद्रित विकास को तरजीह व शिक्षा के लिये अनुकूल परिस्थितियों का होना भी है। आंकड़े बताते हैं कि शहरी भारत में साक्षरता की दर 88.9 है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में यह 77.5 फीसदी ही हो पायी है। निश्चित रूप से विभिन्न राज्यों में प्रतिध्वनित यह शहरी व ग्रामीण साक्षरता का अंतर शिक्षा के बुनियादी ढांचे, योग्य शिक्षकों की उपलब्धता और सीखने के अवसरों में असमानता को ही दर्शाता है। कमोबेश इसी प्रकार देश के विभिन्न राज्यों में लैंगिक असमानताएं भी नजर आती हैं। यह विडंबना की कही जाएगी कि कई राज्यों में लड़कियों की शिक्षा पर दशकों से नीतिगत स्तर ध्यान केंद्रित करने के बावजूद पुरुष साक्षरता महिला साक्षरता के मुकाबले कहीं आगे नजर आती है। निश्चित रूप से इसके मूल में सामाजिक रूढ़ियां, सामाजिक चेतना का अभाव व आर्थिक विकास की विसंगतियां निहित हैं। जिसके चलते लड़कियों को शिक्षा के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाते। जटिल भौगोलिक परिस्थितियों के बीच स्कूलों की दूरी और आवागमन की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध न हो पाना भी महिला शिक्षा के प्रतिशत में गिरावट का कारक बनती है। इन तमाम कारणों को नये सिरे से संबोधित करने की जरूरत है। लेकिन वहीं कुछ राज्यों में लक्ष्यों पर केंद्रित अभियानों व शासन-प्रशासन की सक्रियता के सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। लक्षद्वीप, दिल्ली, तमिलनाडु और त्रिपुरा के परिणाम दर्शाते हैं कि जब शासन की सक्रियता, लोगों की पहुंच और सामुदायिक जुड़ाव एक साथ आते हैं तो कुछ भी संभव है। दरअसल, आर्थिक विसंगतियों से जूझते व सामाजिक व आर्थिक सुधारों को अमल में न ला सकने वाले राज्य साक्षरता के लक्ष्य राष्ट्रीय अनुपात में नहीं प्राप्त कर सके। सबसे कम साक्षरता दर वाले बिहार की स्थिति गरीबी,अपर्याप्त स्कूली शिक्षा, सांस्कृतिक कारकों व शिक्षा की राह में बाधा डालने वाली सामाजिक बाधाओं के जटिल अंतर्संबंध को रेखांकित करती है। यहां इन उत्साहजनक आंकड़ों के बावजूद कई सवाल हमारे सामने पैदा होते हैं। प्रश्न यह भी है कि हम किस तरह की साक्षरता विकसित कर रहे हैं? क्या शिक्षा की गुणवत्ता इस स्तर की है कि वो लोगों के जीवन में व्यापक बदलावों का कारक बन सके? बात सिर्फ आंकड़ों की नहीं है पड़ताल इस बात की भी की जानी चाहिए कि साक्षरता क्या वास्तव में प्रगतिशील सोच, नागरिक दायित्वों और आर्थिक जीवन में सार्थक रूप से भाग लेने की क्षमता विकसित करती है? इन हालिया आंकड़ों में जो शामिल नहीं हो सके हैं, खासकर हाशिये पर गए समुदाय, उन्हें साक्षरता की सफलता से जोड़ना हमारा प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए। जरूरत इस बात की भी है कि स्कूली शिक्षा गुणवत्तापूर्ण हो, शिक्षकों को पर्याप्त प्रशिक्षण मिले, उनकी डिजिटल शिक्षा तक भी पहुंच हो तथा शिक्षा में निवेश बढ़ाया जाये। आवश्यकता यह भी है कि नई शिक्षा नीति के ही अनुरूप प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में दी जाए। इसके साथ यह भी जरूरी है कि वयस्क साक्षरता अभियानों को प्राथमिकता दी जाए। खासकर आर्थिक रूप से पिछड़े व संसाधनों के अभाव वाले राज्यों में। इस दिशा में हमारे प्रयास तभी सफल हो सकते हैं जब शासन-प्रशासन के प्रयासों के साथ सामुदायिक स्तर पर बड़ी कोशिश की जाए। जनजागरण और सूचना माध्यमों की रचनात्मक भूमिका साक्षरता अभियान के लक्ष्यों को हासिल करने में बदलावकारी साबित हो सकती है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि कुल सहित शत्रु को जड़-मूल से उखाड़-बहाकर, (आज से) चौथे दिन मैं तुमसे आ मिलूँगा। (इस प्रकार) तपस्वी राजा को खूब दिलासा देकर वह महामायावी और अत्यन्त क्रोधी राक्षस चला॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**भानुप्रतापहि बाजि समेता। पहुँचाएसि छन माझ निकेता॥**
**नृपहि नारि पहिं सयन कराई। हयगृहँ बाँधेसि बाजि बनाई॥**

उसने प्रतापभानु राजा को घोड़े सहित क्षणभर में घर पहुँचा दिया। राजा को रानी के पास सुलाकर घोड़े को अच्छी तरह से घुड़साल में बाँध दिया॥

**दो0-राजा के उपरोहितहि हरि लै गयउ बहोरि।**
**लै राखेसि गिरि खोह महुँ मायाँ करि मति भोरि॥**

फिर वह राजा के पुरोहित को उठा ले गया और माया से उसकी बुद्धि को भ्रम में डालकर उसे उसने पहाड़ की खोह में ला रखा॥

**आपु बिरचि उपरोहित रूपा। परेउ जाइ तेहि सेज अनूपा॥**
**जागेउ नृप अनभएँ बिहाना। देखि भवन अति अचरजु माना॥**

वह आप पुरोहित का रूप बनाकर उसकी सुंदर सेज पर जा लेटा। राजा सबेरा होने से पहले ही जागा और अपना घर देखकर उसने बड़ा ही आश्चर्य माना॥

(क्रमशः...)

# राम मंदिर के स्वर्ण शिखर की आभा से आलोकित हुआ राष्ट्र

अयोध्या में राम मंदिर संपूर्ण विश्व में रचने—बसने वाले सनातनियों की शताब्दियों की प्रतीक्षा, संयम, धैर्य, अनुशासन और आस्था का प्रतीक है। यह राम नहीं, राष्ट्र मंदिर है। विरोधी भले ही सनातन और राम मंदिर का विरोध करते रहें लेकिन करोड़ों सनातनियों के हृदय में उनके आराध्य भगवान श्रीराम रचते—बसते हैं। भगवान राम के मंदिर को वह अपना पूजा स्थल ही नहीं, बल्कि उसे अपना सबसे बड़ा तीर्थ मानते हैं।

मुख्य मंदिर यानी अपनी जन्मभूमि पर नवनिर्मित मंदिर के भूतल में कोटि-कोटि भक्तों के आराध्य रामलला तो पहले से ही प्रतिष्ठित हैं, अब आगामी पांच जून को इसी मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार के साथ परकोटे के बाकी 6 मंदिरों की भी प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इनमें गणेश, भगवान शिव, देवी भगवती, हनुमान जी, भगवान सूर्य, देवी अन्नपूर्णा और शेष अवतार के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा होगी। यह आयोजन अयोध्या के धार्मिक इतिहास में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ने जा रहा है। त्रिदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान 5 जून को गंगा दशहरा के पावन पर्व के दिन पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा। श्रीराम दरबार प्रतिष्ठित होने के साथ रामलाल से राजाराम तक की यात्रा पूर्ण होगी। इसी बीच राम जन्मभूमि मंदिर के शिखरों पर सोने की परत चढ़ाने का कार्य हो रहा है। यह कार्य मंदिर की भव्यता में चार चांद लगाएगा।

राम राष्ट्र की संस्कृति है, राम राष्ट्र के प्राण है, राम के मंदिर का मतलब भारत का नवनिर्माण है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का स्वर्णिम और ऐतिहासिक अवसर सनातनधर्मियों को कड़े संघर्ष से प्राप्त हुआ है, जिसका 550 सालों से अधिक का इतिहास है। इसमें 70 से अधिक बार का संघर्ष, जिसमें से अधिकतर मुगल आक्रांताओं द्वारा भारतवासियों और हमारे मंदिरों पर हमले का रक्तरजिंत इतिहास शामिल है। अनगिनत आन्दोलनों के बाद अंततः 22 जनवरी 2024 के दिन हिन्दू समाज को अपने आराध्य प्रभु श्रीराम को जन्म भूमि पर निर्मित भव्य मंदिर में पुनर्स्थापित करने का गौरव प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्य यजमान बनकर मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की। यह दिन भारत की आस्था, अस्मिता, स्वाभिमान और गौरव की पुनर्स्थापना का दिन के तौर पर अंकित है।

अयोध्या में प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के लिए गोरक्षपीठ की 3 पीढ़ियों का योगदान स्वर्णाक्षरों में अंकित है। वर्तमान में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस गोरखनाथ मठ के महंत हैं, उसी से अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन की शुरुआत हुई थी। योगी जी के गुरु महंत अवेद्यनाथ 12 सितंबर 2014 को ब्रह्मलीन हुए। गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ के पास



**मुख्य मंदिर यानी अपनी जन्मभूमि पर नवनिर्मित मंदिर के भूतल में कोटि-कोटि भक्तों के आराध्य रामलला तो पहले से ही प्रतिष्ठित हैं, अब आगामी पांच जून को इसी मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार के साथ परकोटे के बाकी 6 मंदिरों की भी प्राण प्रतिष्ठा होनी है।**

मंदिर आंदोलन के दौरान दो सबसे अधिक अहम पदों राम जन्म भूमि यज्ञ समिति और राम जन्म भूमि न्यास के अध्यक्ष था। ये दायित्व इस बात का प्रमाण है कि आजादी के आंदोलन के बाद देश की राजनीति की दशा और दिशा बदलने वाले राम मंदिर आंदोलन में उनका क्या कद था? महंत अवैद्यनाथ के गुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ थे। योगी आदित्यनाथ भी इस आंदोलन को मुखरता प्रदान करते रहे हैं। वो कहते रहे हैं कि 'राम मंदिर चुनावी मुद्दा नहीं...मेरे लिए जीवन का मिशन है'। 5 जून को प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मंदिर परिसर में उपस्थित रहेंगे। विशेष बात यह है कि 5 जून को मुख्यमंत्री का जन्मदिन भी है।

हिन्दू बहुल देश में प्रभु श्री राम की जन्मस्थली को मुक्त करवाने में जिस तरह के अवरोध उत्पन्न किए गए वे अकल्पनीय हैं। यदि सोमनाथ के साथ ही राम जन्मभूमि का मसला भी तत्कालीन नेहरू सरकार सुलझा लेती तब शायद इसे लेकर राजनीति करने का किसी को अवसर नहीं मिलता। लेकिन आजादी से लेकर आजतक कांग्रेस ने राम के नाम पर घिनौनी राजनीति का प्रदर्शन किया है। एक ऐसी राजनीति जिसने राम मंदिर मुद्दे को उलझाने का काम किया। वर्ष 2008 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने इस मामले में हलफनामा दाखिल कर सेतु समुद्रम परियोजना के लिए राम सेतु को तोड़ कर तय वर्तमान मार्ग से ही लागू किये जाने पर जोर देते हुए कहा था कि भगवान राम के अस्तित्व में होने के बारे में कोई पुख्ता साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। ये भी कहा था कि रामायण महज कल्पित कथा है। वर्तमान में, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल घटक दलों के कई नेता राम मंदिर और सनातन धर्म पर आपत्तिजनक बयानबाजी करने से बाज नहीं आते।

स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार संसद में कहा था कि, राम मंदिर का निर्माण राष्ट्रीय स्वाभिमान का मुद्दा है। उनका वह वक्तव्य सही मायने में एक संदेश था जिसमें राजनीति नहीं थी। सही बात तो ये है कि राम मंदिर का विरोध करने वालों ने ही इसे वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा बना दिया। कांग्रेस और अन्य कुछ दल मुस्लिम मतों के कारण इस मुद्दे पर हिंदुओं के न्यायोचित दावों की अनदेखी करते रहे। प्रतिक्रिया स्वरूप इस मामले ने दूसरा मोड़ ले लिया। लेकिन दुर्भाग्य है कि देश की बहुसंख्यक आबादी के आराध्य श्रीराम की जन्मभूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाने का कार्य न्यायालय के निर्णय से संभव हो सका। और वह प्रक्रिया भी वर्षों नहीं दशकों तक चली। सबसे बड़ी बात ये हुई कि बाबरी ढांचे की तरफदारी मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ ही साथ धर्मनिरपेक्षता के झंडाबरदार बने हिन्दू नेतागण भी करते रहे।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि, शताब्दियों का संघर्ष अब अयोध्या में प्रत्यक्ष साकार रूप में फलीभूत होता दर्शित हो रहा है। भारत के कण-कण में राम हैं। राम मंदिर में राम दरबार के साथ परकोटे के बाकी 6 मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की सुप्त आत्मा को जागृत करने का काम करेगी। राम मंदिर के निर्माण से सशक्त राष्ट्र का निर्माण होने वाला है। भारत की जय जयकार दुनिया में हो रही है। यह वास्तव में भारत की सुप्त आत्मा है। यही भारत को दुनिया के अंदर सर्वशक्तिशाली बनायेगी। भारत के प्रत्येक व्यक्ति के मन में जो रामभक्ति है वहीं राष्ट्रभक्ति है। राजनीति तोड़ने का कार्य करती है, धर्म जोड़ता है। राम मंदिर ने देश को जोड़ दिया है। अभी हाल ही में ऑपरेशन सिन्दूर में हमारे सैनिकों ने जिस पराक्रम का प्रदर्शन किया है उससे न केवल शत्रु बल्कि पूरी दुनिया अचम्भित है। ये बढ़ते हुए सशक्त भारत की एक झलक मात्र है। राष्ट्रीय अस्मिता और अखण्डता भी अयोध्या से जुड़ी है। श्रीराम मंदिर केवल धार्मिक आस्था का प्रश्न नहीं है, इसके साथ भावी सामाजिक संरचना की संकल्पना भी जुड़ी है। व्यक्ति और राष्ट्र का चरित्र निर्माण, कालसापेक्ष किन्तु कालातीत दर्शन और दृष्टि का सृजन बीज राम मंदिर निर्माण और उसकी भव्यता में निहित है। राम मंदिर का दूसरा पहलू राष्ट्र मंदिर के रूप में स्थापित है और इस भावना के अनुरूप यह परिसर आस्था के साथ राष्ट्रीय चरित्र, राष्ट्रीय एकता और समाज निर्माण के प्रति भी महनीय भूमिका का निर्वहन करने को तैयार है।


विश्वभर में रचने और बसने वाले हिन्दू धर्मावलम्बी राम मंदिर की दूसरी प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर उत्साहित हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि 5 जून की तिथि विश्व इतिहास में सदा के लिए अमर रहेगी। श्रीराम मंदिर के शिखर की स्वर्णिम आभा से सम्पूर्ण विश्व में सुख, समृद्धि, शांति, सद्भावना और सहिष्णुता का प्रकाश फैले और भारत फिर एक बार विश्व गुरु के तौर पर स्थापित हो, यही कामना है।

**- डॉ. आशीष वशिष्ठ**
**(राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार)**

(5 जून : पर्यावरण दिवस पर विशेष)

# पर्यावरण संरक्षण के प्रति कितने गंभीर हैं हम

क्या आपको पता है कि हम भारतीय पर्यावरण संरक्षण के प्रति कितना सचेत है। उत्तर है ना के बराबर। अगर हमारे देश में पर्यावरण संरक्षण को लेकर कानून सख्त न होता तो हम भारतवासी कराह रहे होते। प्रदूषण के कारण होने वाली सांस की बीमारियों से ग्रस्त होकर सारा देश खांस रहा होता। यह कानून ही है जिसके डर से वाहन चालक प्रदूषण प्रमाणपत्र बनवा रहे हैं। जेल जाने के डर से पेड़ काटे नहीं जा रहे हैं। कानून नहीं बनता तो नदियों में औद्योगिक कचरे, विषाक्त जल व रसायनिक द्रव्य प्रवाहित किए जा रहे होते। हांलाकि चोरी छिपे आज भी नदियां प्रदूषित की जा रही हैं, पेड़ों की कटाई हो रही है। खुल्लेआम पराली जलाए जा रहे हैं। हम पौलिथीन की थैलियों में दुकानदार से सामान लेने में हिचकते नहीं हैं। हमें धन्यवाद देना चाहिए वैसे स्वंयसेवियों और सामाजिक संगठनों को जिनके आंदोलनों व कार्यों के कारण सरकार सक्रिय रही है। पर्यावरण की अनदेखी के कारण ही वैश्विक तापमान में वृद्धि हुई है जिसके परिणाम दुनिया भर में महसूस किए जा रहे हैं। हालांकि, कुछ देश दूसरों की तुलना में अधिक पीड़ित हैं। 2021 की विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार 100 सबसे प्रदूषित शहरों में से 63 शहर भारत में हैं, जिसमें नई दिल्ली को दुनिया में सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाली राजधानी बताया गया है। शहरों में राजस्थान का भिवाड़ी सबसे प्रदूषित शहर है उसके बाद एनसीआर के नगरों का नंबर आता है।



एस एन वर्मा

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहने के अधिकार की गारंटी दी गई है। वास्तव में इस मौलिक अधिकार को प्रभावी बनाने के लिए 1986 का अधिनियम बनाया गया है। 1977 में सभी नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को संविधान में शामिल किया गया, जिसके तहत भारत के प्रत्येक नागरिक को अनुच्छेद 51ए के खंड (जी) में दिए गए प्रावधान के अनुसार पर्यावरण की रक्षा और सुधार करने का दायित्व सौंपा गया।

हम अपने देश की राजधानी और कई अन्य शहरों में मानव जीवन पर पर्यावरण के बड़े पैमाने पर विनाश के गंभीर परिणामों का अनुभव कर रहे हैं। हर साल कम से कम दो महीने के लिए, दिल्ली के निवासियों को वायु प्रदूषण के कारण दम घुटता है।

हवा के अलावा देश के जलमार्ग भी अत्यधिक प्रदूषित हो गए हैं, अनुमान है कि सतही जल का लगभग 70 फीसदी हिस्सा पीने योग्य नहीं है। नदियों और झीलों में अवैध रूप से कच्चा मल, गाद और कचरा डालने से भारत का जल गंभीर रूप से प्रदूषित हो गया है। पाइप योजना का लगभग पूर्ण अभाव और अपर्याप्त अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली स्थिति को और भी बदतर बना रही है। हर दिन चौंका देने वाला 40 मिलियन लीटर अपशिष्ट जल नदियों और अन्य जल निकायों में प्रवेश करता है। इनमें से पर्याप्त बुनियादी ढाँचे की कमी के कारण केवल एक छोटा सा अंश ही पर्याप्त रूप से उपचारित हो पाता है। प्रदूषित जल मनुष्यों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है। लगभग 40 मिलियन भारतीय टाइफाइड, हैजा और हेपेटाइटिस जैसी जलजनित बीमारियों से पीड़ित हैं और हर साल लगभग 400,000 मौतें होती हैं। जल प्रदूषण फसलों को भी नुकसान पहुंचाता है, क्योंकि सिंचाई के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले पानी में संक्रामक बैक्टीरिया और बीमारियाँ उन्हें बढ़ने से रोकती हैं। अनिवार्य रूप से, मीठे पानी की जैव विविधता भी गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो जाती है।

भारत में प्लास्टिक संकट दुनिया के सबसे खराब संकटों में से एक है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, भारत में औसतन हर दिन 25,000 टन से ज्यादा प्लास्टिक कचरा निकलता है, जो देश में पैदा होने वाले कुल ठोस कचरे का लगभग 6 फीसदी है। भारत राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर नदी के प्लास्टिक उत्सर्जन के उच्च अनुपात वाले शीर्ष 20 देशों में दूसरे स्थान पर है। सिंधु, ब्रह्मपुत्र और गंगा नदियों को प्लास्टिक प्रवाह के राजमार्ग के रूप में जाना जाता है क्योंकि वे देश में अधिकांश प्लास्टिक मलबे को ले जाती हैं और बहाती हैं। 10 अन्य सबसे प्रदूषित नदियों के साथ, वे वैश्विक स्तर पर लगभग 90 फीसदी प्लास्टिक समुद्र में लीक करती हैं।

जल प्रदूषण के कारण भारत की 16 फीसदी मीठे पानी की मछलियाँ, मोलस्क, ड्रैगन फ्लाई, डैमसेल्लाई और जलीय पौधे विलुप्त होने के खतरे में हैं और एक रिकार्ड के अनुसार देश में मीठे पानी की जैव विविधता में 84 फीसदी की गिरावट आई है।

वनों की कटाई देश में जैव विविधता में गिरावट का एक और प्रमुख कारण है। इस सदी की शुरुआत से, भारत ने अपने कुल वृक्ष क्षेत्र का 19 फीसदी खो दिया है। जबकि 2.8 फीसदी वन वनों की कटाई से काटे गए, अधिकांश नुकसान जंगली आग के परिणामस्वरूप हुआ है, जिसने प्रति वर्ष 18,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक वनों को प्रभावित किया है वनों की कटाई के वार्षिक औसत से दोगुना से भी अधिक।

भारत ने पिछले कुछ वर्षों में औसत तापमान में वृद्धि देखी है। इस वृद्धि के कारण अधिक बार और तीव्र गर्मी की लहरें आती हैं, जिससे मानव स्वास्थ्य, कृषि और जल संसाधन प्रभावित होते हैं। अनियमित वर्षा पैटर्न ग्लोबल वार्मिंग मानसून के पैटर्न को प्रभावित करती है, जिससे अनियमित वर्षा होती है।

इस पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के कुछ तरीके को हम आसानी से अपना सकते हैं। हम फूल के पौधे लगा सकते हैं।

मधुमक्खियों की आबादी दुनिया भर में कम होती जा रही है, प्रचुर मात्रा में देशी फूल और पौधे सुनिश्चित करना मधुमक्खियों को भरपूर भोजन और पराग प्रदान करने में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण है। मधुमक्खियाँ सभी आकार के जानवरों के लिए खाद्य श्रृंखला को बनाए रखने में मदद करती हैं। खाद खुद बनाएँ, बागवानी के लिए प्राकृतिक खाद का उपयोग करने से स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुँचाने वाले कृत्रिम उर्वरकों और कीटनाशकों की जरूरत खत्म हो जाएगी।

साइकिल चलाएं या सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। कार में अकेले चलने के बजाय साइकिल चलाने या सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करके कार्बन उत्सर्जन में कटौती करें। पुनः प्रयोज्य वस्तुओं का उपयोग करें। डिस्पोजेबल वस्तुओं के स्थान पर पुनः प्रयोज्य वस्तुओं जैसे पानी की बोतलें, शॉपिंग बैग और कंटेनरों का उपयोग करके अपशिष्ट को कम करें। अपने नलों की जांच करें व जल संरक्षण और अनावश्यक बर्बादी को रोकने के लिए किसी भी टपकते नल को ठीक कराएं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व स्तंभकार हैं)

## राशिफल

ज्येष्ठ माह शुक्ल पक्ष दशमी | (विक्रम संवत् 2082)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
शत्रु परास्त होंगे। गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य थोड़ा प्रभावित रहेगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
भावनाओं पर काबू रखें। लिखने पढ़ने में समय व्यतीत करें। प्रेम में तू तू मैं मैं के संकेत हैं।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
गृह कलह के संकेत हैं। यद्यपि घरेलू सुख बढ़ चढ़कर आप भोगेंगे और भूमि भवन वाहन की खरीदारी भी संभव है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
किया गया प्रयास सफलतादायक होगा, जो आपने सोचा है, जो आपने डिजाइन किया है, उसको इंप्लीमेंट करिए।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
धन हानि के संकेत हैं इसलिए निवेश अभी वर्जित रहेगा। वाणी पर विराम दें क्योंकि आपस में कौटुंबिक हलचल मच सकती है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। सिर दर्द, नेत्र पीड़ा संभव है। प्रेम, संतान अच्छा है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
यात्रा का योग बनेगा। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगी। पिता का साथ होगा। सरकारी तंत्र का लाभ होगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
यात्रा का योग बनेगा। थोड़ा सा मान सम्मान पर ठेस न पहुंचे इस बात का ध्यान रखिएगा। बाकी स्वास्थ्य अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
चोट चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
जीवनसाथी का साथ मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। स्वास्थ्य थोड़ा पहले से बेहतर।

# विधायक तेजपाल नागर ने किया विकासकार्यों का शुभारम्भ



**दादरी (चेतना मंच)।** दादरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खटाना और धीरखेड़ा को जोड़ने वाले मार्ग पर स्थित गंगा नहर माइनर ब्रांच पर पुल निर्माण कार्य का शुभारंभ हो गया है। वर्षों पुरानी मांग पर अमल करते हुए इस महत्वपूर्ण परियोजना की शुरुआत से हजारों ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

यह परियोजना दादरी जारचा मार्ग (310/010) के किलोमीटर 0 से 5 तक के खंड में प्रस्तावित है, जिसमें पुल निर्माण के साथ-साथ अप्रोच रोड और सुरक्षात्मक संरचनाओं का भी निर्माण किया जाएगा। यह कार्य क्षेत्रीय बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

यह पुल ग्रामीण क्षेत्रों को शहरी सुविधाओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा। ग्रेटर नोएडा तक आवागमन सुगम होने से शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। निर्माण में गुणवत्ता, स्थायित्व और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। यह विकास कार्य क्षेत्र की आर्थिक प्रगति और सामाजिक समृद्धि के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस परियोजना से क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो रही है। पुल के निर्माण से लाखों लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और विकास की एक नई धारा प्रवाहित होगी।

दादरी के विधायक तेजपाल नागर ने इस अवसर पर कहा कि वे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और यह पुल निर्माण उनकी इसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, लोक निर्माण विभाग एवं जिला प्रशासन का हार्दिक आभार प्रकट किया।

उन्होने कहा कि हमारा संकल्प है कि विकास की रोशनी हर गाँव, हर व्यक्ति तक पहुँचे। जनता के सहयोग और आशीर्वाद से दादरी विधानसभा को उत्तर प्रदेश में विकास का मॉडल बनाया जाएगा, विधायक श्री नागर ने कहा।

इस अवसर पर दादरी नगर पालिका की चेयरमैन श्रीमती गीता पंडित, सुशील प्रधान (खटाना), एच.के. शर्मा, प्रदीप लाला, विचित्र तोमर, संदीप शर्मा, राघवेन्द्र प्रताप, नरेश खटाना, प्रताप खटाना, देवेंद्र खटाना, तथा समस्त ग्रामवासी और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# एसडीएस एनआरआई रेजिडेंसी सोसाइटी में किया पौधारोपण

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एसडीएस एनआरआई रेजिडेंसी सोसाइटी, परी चौक में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर पीपल, आम, अर्जुन आदि के पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम में सोसाइटी के अध्यक्ष अजय भान शर्मा, एस.के. निगम, कुलदीप भाटी, श्याम पायला, हरेंद्र भाटी, गजेंद्र कसाना, परवेश, अजय वीर, रीता शुक्ला, बलवीर, के.के. सिंह सहित कई गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया और पौधे लगाए।

इस अवसर पर अजय भान शर्मा ने सभी उपस्थित नागरिकों को कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प दिलवाया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है।



# रोटरी क्लब ने कोर्ट परिसर में स्थापित किया वाटर डिस्पेंसर



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा ने जनसेवा के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए पुलिस चौकी, कोर्ट परिसर सूरजपुर में एक वाटर डिस्पेंसर की स्थापना की है।

इस पहल में रोटेरियन साथी श्री सचिन जिंदल (बीडीसी सदस्य, सूरजपुर) का विशेष सहयोग रहा। गर्मी के मौसम को देखते हुए यह डिस्पेंसर कोर्ट परिसर में आने वाले आमजन, वकीलों, पुलिसकर्मियों एवं अन्य आगंतुकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

इस अवसर पर रोटरी क्लब के सदस्य विकास गर्ग, मुकुल गोयल, कपिल गुप्ता, मोहित बंसल, कपिल गर्ग, शुभम सिंघल, मनु जिंदल, राकेश शर्मा एवं सचिन जिंदल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा की यह पहल न केवल जनसुविधा को सुदृढ़ करती है, बल्कि समाज में सेवा भाव की मिसाल भी प्रस्तुत करती है।

# गाजियाबाद का कोऑर्डिनेटर बनाए जाने पर राजकुमार पंडित का किया भव्य स्वागत



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जिला कार्यालय, कांग्रेस सेवा दल गौतमबुद्ध नगर में राजकुमार पंडित को गाजियाबाद का समन्वयक (कोऑर्डिनेटर) नियुक्त किए जाने पर दादरी कार्यालय में उनका फूल-मालाओं और गुलदस्ते से भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर वसील अहमद ने कहा कि राजकुमार पंडित को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष, कांग्रेस सेवा दल इसराइल गहलोत, युवा जिला अध्यक्ष, बुलंदशहर राधा रानी, जिला अध्यक्ष, महिला कांग्रेस श्रीमती इमरान सैफी, ओमवीर अंबावत, राजू गौतम, मनीष कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बीएचईएल कम्पनी पर सीटू का धरना 43 वें दिन भी जारी रहा




**नोएडा (चेतना मंच)।** अन्याय, शोषण उत्पीड़न के खिलाफ के खिलाफ बीएचईएल कम्पनी पर 4 जून 2025 को 43 वें दिन भी कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन जारी रहा है। आंदोलन के बारे में जानकारी देते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि मैसर्स- भारत हेवी इलेक्ट्रीकल्स लिमिटेड प्लॉट नंबर- 25, सेक्टर- 16, नोएडा के प्रबंधन द्वारा संस्थान में वर्षों वर्षों से लगातार स्थाई रूप से कार्यरत श्रमिकों का लगातार आर्थिक शोषण, उत्पीड़न करने संस्थान पर लागू वेतनमान श्रमिकों को भुगतान न करने और उक्त पर संगठित होकर आवाज उठाने पर 17 से 21 अप्रैल 2025 के मध्य 17 कर्मचारियों को गैर कानूनी तरीके से नौकरी से निकाल दिया जिसके खिलाफ 23 अप्रैल 2025 से कर्मचारियों ने धरना शुरू किया जो आज 03 जून 2025 को भी दिन भर जारी रहा।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू जिला महासचिव रामसागर ने कहा कि कंपनी प्रबंधन निकाले गए सभी कर्मचारियों को क्षतिपूर्ति सहित कार्य पर पुनः बहाल करें अन्यथा तय कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन संस्थान के समक्ष आंदोलन जारी रहेगा और आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व रंजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, विनोद, शालू, मनमोहन आदि कर्मचारियों ने किया।

# संसदीय कार्य मंत्री को आमंत्रण पत्र सौंपा



**सहारनपुर/ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार के संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास मंत्री जसवंत सिंह सैनी को ग्रेटर नोएडा स्थित ममता इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय सैनी सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सैनी ने उनके सहारनपुर स्थित आवास पर पहुंचकर औपचारिक आमंत्रण पत्र भेंट किया। इस अवसर पर मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कार्यक्रम में सम्मिलित होने की सहमति प्रदान की है। इस अवसर पर हरेंद्र सैनी, दिनेश सैनी सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# प्राधिकरण की जमीन को अपना बताकर बिक्री के एवज में लाखों रूपये ठगे

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना ईकोटेक-थर्ड क्षेत्र के तहत जलपुरा में प्राधिकरण की जमीन बेचने के नाम पर लाखों रूपये की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। अब पैसा मांगने पर आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

ईकोटेक तृतीय थाने में शेरशाह एडवोकेट पुत्र हाजी नसीम अहमद निवासी हल्दौनी ग्रेटर नोएडा में प्रमोद, मनोज, राजू शर्मा, सचिन शर्मा, प्रिंस शर्मा के खिलाफ भादवि की धारा-420, 120बी, 467, 468 तथा 506 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित शेरशाह ने बताया कि उक्त लोगों ने जलपुरा में प्राधिकरण की जमीन को कूटरचित कर उसे अपनी बताकर उनसे सौदा किया। विश्वास में आकर उन्होंने जमीन की जांच नहीं की। उक्त लोगों ने उनसे लाखों हजार रूपये ठग लिए। जब वे जमीन की पैमाइश करने पहुंचे तो प्राधिकरण के अधिकारियों ने नामजोख करने से रोका तथा बताया कि यह जमीन प्राधिकरण की है। पता चला कि उक्त सभी आरोपी खसरा नं0 213 में काटी गई कालोनी में रास्ते की जमीन अपने नाम दिखाकर फर्जी तरीके से जमीन बिक्री कर रहे हैं। जब वे आरोपियों से अपना पैसा मांगने पहुंचे तो राजू शर्मा व उसके अन्य साथियों ने पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी तथा कहा कि पैसा मांगा तो जान से मार देंगे।

बता दें कि राजू शर्मा पर इसके पूर्व भी प्राधिकरण की जमीन को कब्जाने तथा उसका फर्जी बैनामा करने व अवैध फार्म हाउस बनाने के कई आरोप लगते रहे हैं। वह अपने आपको भाजपा का नेता बताता है। पीड़ित ने गुहार लगाई है कि उक्त भू-माफियाओं पर कड़ी कार्रवाही करके गिरफ्तार किया जाए तथा उनका पैसा वापस दिलाया जाए।

# मुख्यमंत्री ने बदल दी उत्तर प्रदेश की तस्वीर : खारी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** योगी सेवा फाउंडेशन के चेयरमैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील खारी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर उन्हें बधाई देते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की दशा एवं दिशा दोनों बदलने का जो कम किया है वह स्वागत के योग्य है।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब से उत्तर प्रदेश की कमान संभाली है तभी से विकास की गति के साथ-साथ माफिया राज का पूरी तरह से सफाया हो चुका है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले आम विधानसभा चुनाव में चुनाव जीत कर प्रचंड बहुमत के साथ सरकर बनाने का काम करेगी।

## पृष्ठ एक के शेष....

**अयोध्या में राम दरबार....**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 11:00 बजे श्री रामकथा पार्क के हेलीपैड पर पहुंचे। इसके बाद वे हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन करने गए और फिर सीधे राम मंदिर पहुंचकर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल हुए। अभिजीत मुहूर्त (11:45 से 12:45 बजे) के 17 मिनट के पवित्र कालखंड में, 11:25 से 11:45 के बीच, रामदरबार और परकोटे के सात अन्य मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत सम्पन्न की गई। प्राण प्रतिष्ठा के बाद 12:00 बजे महाआरती और महाप्रसाद का आयोजन हुआ।

राम दरबार समेत आठ देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर सुबह 11:25 से 11:40 बजे तक अभिजीत मुहूर्त में हुई। गंगा दशहरा के दिन इसका सिद्ध योग भी बन रहा था। इसी दिन रामेश्वरम की भी प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। इसके पहले सुबह छह बजे से प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान शुरू हुआ। सभी देवताओं का पूजन यज्ञमंडप में किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति ने इस गरिमामयी क्षण को और भी दिव्य बना दिया। मुख्यमंत्री ने सभी देव विग्रहों का अभिषेक किया। इसके बाद राम दरबार की मूर्ति से आवरण हटाया गया। राजा राम का आभूषणों से भव्य श्रृंगार किया गया। इस दौरान अयोध्या के 19 संत धर्माचार्य भी इस अवसर पर मौजूद रहे। इसके अलावा ट्रस्ट, संघ व विहिप के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

**लग्जरी गाड़ियां चुराने...**

अंजाम देने के इरादे से पृर्थला क्षेत्र में घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बदमाशों को घेर लिया। खुद को घिरा देखकर बदमाशों ने फायरिंग कर दी, जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया। मौका देखकर उसके दो साथी फरार हो गए।

पकड़े गए बदमाश की पहचान फरमान उर्फ छोटे मेहरबान निवासी मेरठ के रूप में हुई। पुलिस ने कांबिंग के दौरान फरमान के साथी मकसूद और असलम को भी दबोच लिया। इनके निशानदेही पर चोरी की इनोवा, क्रेटा, किया व स्विफ्ट कार बरामद हुई। पकड़े गए बदमाशों ने स्वीकार किया कि वह रेकी करने के बाद चार पहिया वाहन चोरी करने की घटना को अंजाम देते हैं। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए फरमान उर्फ छोटे पर दो दर्जन से अधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। मेरठ के दो थाना क्षेत्र से वह वांछित चल रहा है। फरमान पर दोनों थानों से 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित है। पुलिस बदमाशों से पूछताछ कर रही है।

**विश्व पर्यावरण दिवस...**

पौधारोपण के बाद अंबेडकर नगर स्थित पुस्तकालय में पर्यावरण को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं को पर्यावरण बचाने तथा पौधारोपण को लेकर जागरूक किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि लाल सिंह आर्य तथा महेश चौहान ने लोगों से अपील की कि यदि पर्यावरण को जिंदा रखना है तो सभी अधिक से अधिक पौधारोपण का आज संकल्प लें।

इस अवसर पर महामंत्री गणेश जाटव, उमेश त्यागी, करतार चौहान, प्रदीप चौहान, रोहित चौधरी, प्रवेश जाटव, अनिल चौधरी, प्रवीण चौहान, ज्योति सिंह, नीरज चौहान, प्रवेश जाटव, प्रीतम सिंह, बालक राम प्रधान, सतपाल जाटव, केशव शर्मा, अनिल जाटव, भूपेश चौधरी, मनोज चौहान समेत कई भाजपा नेता व ग्रामीण मौजूद थे।

**जीबीयू में कुक...**

परेशान चल रहा था। पुलिस आशंका जाता रही है कि संभावित है कि परेशानी के चलते ही उसने आत्महत्या की है। मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**महिला को घर...**

दोनों को आता देखकर हरिया जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया।

पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

**जम्मू पहुंचे सांसद...**

अपने सासंद गणों सहित माता वैष्णव के दर्शन कर उनका आर्शीवाद लिया। इसके उपरांत जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में आवास संबंधित विकास कार्यों, सुविधाओं एवं योजनाओं का निरीक्षण किया तथा समीक्षा बैठक आयोजित की।

**दहेज में स्कॉर्पियो...**

साथ राजेश नंद प्रीति सोनम आंचल वह आदि उसे दहेज के लिए ताने देने और मारपीट करने लगे। पीड़िता का कहना है कि उसके पहले पति की मृत्यु हो गई थी जिसके बाद परिजनों ने उसकी दूसरी शादी की थी। इस कारण वह बहुत मानसिक दबाव में थी और किसी भी कीमत पर अपनी इस दूसरी शादी को असफल नहीं होने देना चाहती थी। इस दौरान वह गर्भवती हो गई लेकिन ससुराल वालों ने उसके ऊपर अत्याचार और बढ़ा दिए। ससुराल वालों को उत्पीड़न से त्रस्त होकर उसने अपने पिता को सारी बात बताई। उसके बाद उसके पिता ने प्लॉट बेचकर ससुराल वालों को 300000 रूपये दिए। इसके बावजूद भी उस पर स्कॉर्पियो लाने का दबाव बरकरार रहा। परेशान होकर उसके पिता ने एक शिकायती पत्र थाना दनकौर पुलिस को दिया। ससुराल वालों ने फिर उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। पीड़िता के मुताबिक उसके पति कपिल, सास राजेश, नंद प्रीति, सोनम, आंचल व चचेरे देवर राहुल ने उसके साथ मारपीट की और जबरदस्ती उसे लड्डू खिला दिया। लड्डू खाने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसका गर्भपात हो गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच पड़ताल कर रही है।




खास खबर

## एचडीबी के शेयर में लगी आग, सेबी के फैसले का इंतजार

**मुंबई।** बिना स्टॉक एक्सचेंज में सूची हुए भी एचडीबी वित्तीय सर्विसेज के शेयरों में आग लगी हुई है। बीते माह भर में इस एचडीएफसी बैंक की सहयोगी कंपनी के शेयर 30 प्रतिशत चढ़ गए। इस उछाल के पीछे सेबी से आईपीओ मंजूरी देने की उम्मीद है। एचडीबी फाइनेंशियल जल्द 12,500 करोड़ का भारी-भरकम आईपीओ लाने वाली है। इसमें 2,500 करोड़ नए शेयर जारी होने और एचडीएफसी बैंक ओएफएस के जरिए 10,000 करोड़ के पुराने शेयर बेचेगा। आरबीआई के नियम के मुताबिक, बड़े एनबीएफसी को तीन साल में स्टॉक मार्केट में सूची में आना है। एक रिपोर्ट कहती है कि एचडीबी का वैल्यूएशन बहुत महंगा है। 1,240 की कीमत पर यह अपने भविष्य के मुनाफे के हिसाब से 4.6 गुना भाव पर ट्रेड कर रहा था, जबकि बाजाज फाइनेंस और श्रीराम फाइनेंस जैसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले दिग्गज सस्ते हैं। अब सबकी निगाहें सेबी की मंजूरी पर टिकी हैं।

## विनफास्ट की वीएफ7 इलेक्ट्रिक एसयूवी जल्द होगी लॉन्च

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में ऑटोमोबाइल कंपनी विनफास्ट जल्द ही अपनी वीएफ7 इलेक्ट्रिक एसयूवी को लॉन्च करने जा रही है। हाल ही में मुंबई में वीएफ7 को एक फ्लैटबेड पर देखा गया है, जो इस मॉडल के जल्द लॉन्च होने का संकेत है। यह कार फेस्टिव सीजन के आसपास बाजार में आएगी, जो अगस्त में गणेश चतुर्थी से शुरू होगा। विनफास्ट वीएफ7 का मुकाबला भारत में मारुति, हुंडई, टाटा, महिंद्रा और एमजी जैसी बड़ी कंपनियों के इलेक्ट्रिक वाहनों से होगा। जनवरी 2025 में कंपनी के डिप्टी सीईओ अश्विन पाटिल ने बताया था कि वीएफ6 और वीएफ7 को भारतीय कंडीशंस के मुताबिक थोड़े बदलावों के साथ पेश किया जाएगा। ये मॉडल सीकेडी रूट के तहत भारत में लाए जाएंगे और तमिलनाडु के थूथुकुडी प्लांट में असेंबल होंगे।

## इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर सब्सिडी देगी दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की भाजपा सरकार ने स्थानीय निवासियों को एक खुशखबरी दी है। दिल्ली सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों को सब्सिडी देने का फैसला लिया है। यहां की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानीवासियों को इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) खरीदने पर बड़ी राहत देने का ऐलान किया है। एयरोनॉमिक्स 2025 सम्मेलन के समापन समारोह में उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार एक नई ईवी नीति लेकर आ रही है, जिसके तहत इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों को सब्सिडी दी जाएगी। उनका कहना है कि यह नीति पर्सनल व्हीकल से लेकर सभी वाहनों को ईवी में बदलने के विजन का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वायु प्रदूषण से निपटने के लिए यह एक अहम कदम है और सरकार सालभर प्रयास करती रहेगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली की सड़कों पर धूल को नियंत्रित करने के लिए 1000 वाटर स्प्रिंकलर किराए पर लिए जाएंगे, जो सुबह और देर रात काम करेंगे ताकि ट्रैफिक बाधित न हो। साथ ही 70 विधानसभा क्षेत्रों में इंटीग्रेटेड मशीनें लगाई जाएंगी, जो सड़क की सफाई, पानी का छिड़काव और कचरा उठाने का काम करेंगी। दिल्ली सरकार की नई ईवी नीति के मसौदे में पहली बार हाइब्रिड वाहनों को भी टैक्स छूट देने का प्रस्ताव है।

## सौर क्षमता बढ़ाने के लिए 925 करोड़ का निवेश करेगी मारुति सुजुकी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने बुधवार को कहा कि वह वित्त वर्ष 2030-31 तक अपनी कैप्टिव सौर क्षमता को 319 मेगावाट तक बढ़ाने के लिए 925 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की योजना बना रही है। इसके साथ ही कंपनी ने दो नई परियोजनाओं के साथ अपनी सौर क्षमता को 30 मेगावाट तक बढ़ाने की घोषणा की है। कार बाजार की अग्रणी मारुति सुजुकी इंडिया ने जारी एक बयान में बताया कि कंपनी ने इन अतिरिक्त संयंत्रों के साथ हरियाणा के खरखौदा स्थित अपने नए संयंत्र में 20 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना चालू की है। उसने मानेसर संयंत्र में 10 मेगावाट की अतिरिक्त सौर क्षमता जोड़ी है।

# भारत की ग्रीन इकोनॉमी 2070 तक 15 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद

एजेंसी

**मुंबई।** भारत की ग्रीन इकोनॉमी तेजी से बढ़ते हुए 2030 तक 1 ट्रिलियन डॉलर और 2070 तक 15 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में सामने आई है। इस तेज वृद्धि के साथ भारत बड़ी संख्या में ग्रीन जॉब्स सृजित करने के लिए भी तैयार है। एक रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2027-28 तक करीब 7.29 मिलियन और वर्ष 2047 तक 35 मिलियन नौकरियों के अवसर पैदा होंगे। एनएलबी सर्विसेज के सीईओ ने कहा कि पिछले 4-5 सालों में देखा गया है कि ग्रीन जॉब्स विशिष्ट भूमिकाओं से बढ़कर रिन्यूएबल एनर्जी, ईवी और सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी मुख्यधारा में आ गई हैं। उन्होंने कहा कि आज के

- 2028 तक 7.29 मिलियन और 2047 तक 35 मिलियन नौकरियां पैदा होंगी
- तेज वृद्धि के साथ भारत बड़ी संख्या में ग्रीन जॉब्स सृजित करने के लिए भी तैयार है।
- ग्रीन वर्कफोर्स को सस्टेनेबिलिटी संबंधी जानकारी और डिजिटल फ्लूएंसी दोनों की जरूरत है।

ग्रीन वर्कफोर्स को सस्टेनेबिलिटी संबंधी जानकारी और डिजिटल फ्लूएंसी दोनों




की जरूरत है। इसके साथ एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ब्लॉकचेन, जीआईएस और डेटा-ड्रिवन टूल का बढ़ता इंटीग्रेशन प्रगतिशील, नए युग के ग्रीन करियर की नींव रख रहा है। जैसे-जैसे हरित क्षेत्र का विस्तार हो रहा है, उद्योग न केवल ग्रीन टेक्नोलॉजी और रिन्यूएबल एनर्जी में निवेश कर रहे हैं, बल्कि बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए स्किल्ड वर्कफोर्स बनाने पर भी ध्यान दे रहा है। यह बदलाव कंपनियों को अपनी भर्ती रणनीतियों को बदलने के लिए प्रेरित कर रहा है। केवल पारंपरिक डिग्री पर निर्भर रहने के बजाय, नियोक्ता अब व्यावहारिक हरित कौशल और व्यावहारिक अनुभव को ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कई कंपनियां युवाओं को सस्टेनेबिलिटी से संबंधित कौशल से लैस करने के लिए कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। नया रोजगार परिदृश्य पहले के पूवार्नुमानों से ज्यादा मजबूत है। 2024 में नौकरी की मांग के मामले में हरित क्षेत्र में सालाना 15-20 फीसदी की दर से वृद्धि होने की उम्मीद थी। ज्यादातर ग्रीन जॉब्स अभी भी मुंबई, बेंगलुरु और दिल्ली जैसे बड़े शहरों में हैं, लेकिन जयपुर, इंदौर, विशाखापत्तनम, कोयंबटूर, भुवनेश्वर, चंडीगढ़ और अहमदाबाद जैसे छोटे शहर भी ग्रीन जॉब्स के प्रमुख केंद्र बन रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक टियर-2 और टियर-3 शहरों में वित्त वर्ष 2028 तक अनुमानित 7.29 मिलियन नौकरियों में से 35-40 फीसदी का सृजन होने की उम्मीद है। ग्रीन जॉब्स की भूमिकाएं भी ज्यादा विविध होती जा रही हैं। ईएसजी विश्लेषण, जलवायु डेटा विश्लेषण और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में पेशेवरों की मांग तेजी से बढ़ रही है, जिसमें सालाना 20-30 फीसदी की वृद्धि का अनुमान है।

## स्कोडा ट्यूब्स के शेयर 140 के भाव पर हुए लिस्ट

**नई दिल्ली।** स्टेनलेस स्टील ट्यूब और पाइप बनाने वाली कंपनी स्कोडा ट्यूब्स के शेयरों ने बुधवार को कंपनी के शेयर बीएसई पर 140 रुपए के भाव पर लिस्ट हुए। स्कोडा ट्यूब्स की लिस्टिंग कीमत ग्रे मार्केट अनुमानों से काफी कम थी। बाजारों के जानकारों के मुताबिक लिस्टिंग से पहले स्कोडा ट्यूब्स के नॉन-लिस्टेड शेयर 160 पर कारोबार कर रहे थे। यह 20 रुपए या 14.29 फीसदी के ग्रे मार्केट प्रीमियम पर थे। स्कोडा ट्यूब्स के 220 करोड़ रुपए के आईपीओ को 130 से 140 रुपए के प्राइस बैंड पर 100 शेयरों के लॉट साइज के साथ पेश किया। कंपनी को आईपीओ के तहत 1,10,00,086 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 63,11,23,200 शेयरों के लिए बोलियां मिली।

# यश कुमार ने एआइआर 489 प्राप्त कर रांची टॉपर का खिताब हासिल किया, विशेष बर्नवाल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया





**रांची।** देशभर में अग्रणी टेस्ट प्रिपरेटरी सेवाएं प्रदान करने वाली आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने गर्व के साथ घोषणा की है कि रांची के 21 छात्रों ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस्ड 2025 में शीर्ष स्थान प्राप्त कर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस परीक्षा का आयोजन आईआईटी कानपुर द्वारा किया गया।यह शानदार प्रदर्शन छात्रों की समर्पित मेहनत, उनके निरंतर परिश्रम और एईएसएल के विशेषज्ञ शिक्षकों व समग्र पाठ्यक्रम से मिली अकादमिक सहायता को दशार्ता है।आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड, रांची के छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2025 में शानदार प्रदर्शन किया है। यश कुमार ने एआइआर 489 प्राप्त कर रांची के टॉपर का खिताब अपने नाम किया, वहीं विशेष बर्नवाल ने एआइआर 549 के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। कुल 21 छात्रों ने आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड, रांची से जेईई एडवांस्ड 2025 में सफलता प्राप्त की।ये छात्र एईएसएल के कक्षा कार्यक्रम का हिस्सा थे, जो विशेष रूप से जेईई एडवांस्ड को क्रैक करने के लिए तैयार किया गया है।

# मुंबईवासियों को मिलेगी ताजा चैरी, कटड़ा रेलवे स्टेशन से शुरू सुविधा

एजेंसी

**कटड़ा।** रेलवे स्टेशन कटड़ा से मंगलवार को स्वराज एक्सप्रेस ट्रेन में विशेष कार्गो बैगन डिब्बे में 12 टन चेरी फल की दूसरी खेप मुंबई रवाना हुई। जबकि 31 मई को पहली खेप भेजी गई थी। रेलवे विभाग ने रेलवे स्टेशन कटड़ा से फल विक्रेताओं के लिए यह सुविधा शुरू की है। यह चेरी मुंबई वासियों को 30 घंटे में उपलब्ध हो जाएगी। यह सुविधा शुरू होने से कश्मीर के व्यापारियों ने खुशी जताई है और उम्मीद की कि इस सुविधा से समय और पैसे की बचत होगी। चेरी व्यापारी अली मोहम्मद ने कहा कि इससे पहले कश्मीर के प्रसिद्ध ताजे फलों को देश के अन्य राज्यों में भेजने के लिए परेशानियां झेलनी पड़ती थी साथ ही पैसे और समय की बबार्दी भी होती थी। साथ ही ताजे फलों को लेकर नुकसान भी उठाना पड़ता था। यह सुविधा शुरू होने से अब ऐसा नहीं होगा। अली ने कहा कि अब कटड़ा रेलवे स्टेशन कटड़ा से कश्मीर के सभी प्रकार के ताजे फलों के साथ ही सुखे मेवे आदी बिना किसी परेशानी के देश के कई भागों में भेज सकेंगे। मंगलवार तड़के कश्मीर से ट्रकों में ताजी चेरी फल कटड़ा रेलवे स्टेशन परिसर पहुंचे और उन्हें रेल के विशेष कार्गो बैगन डिब्बे में लोड किया गया। इसके बाद कटड़ा रेलवे स्टेशन से मुंबई के लिए स्वराज एक्सप्रेस के साथ इसे रवाना कर दिया गया। कटड़ा रेलवे स्टेशन के सुपरिटेंडेंट ने कहा कि कटड़ा स्टेशन से मुंबई के लिए कश्मीर की प्रसिद्ध चैरी फल रवाना की गई है। जम्मू डिवीजन के रेलवे के अधिकारियों की सक्रिय प्रयासों से यह पहल शुरू की गई है।अब मुंबईवासियों को मिलेगी ताजा चैरी, कटड़ा रेलवे स्टेशन से शुरू हुई सुविधा -स्वराज एक्सप्रेस ट्रेन में विशेष कार्गो बैगन डिब्बे लगे, फल व्यापारी हुए खुश कटड़ा,(ईएमएस)। रेलवे स्टेशन कटड़ा से मंगलवार को स्वराज एक्सप्रेस ट्रेन में विशेष कार्गो बैगन डिब्बे में 12 टन चेरी फल की दूसरी खेप मुंबई रवाना हुई। जबकि 31 मई को पहली खेप भेजी गई थी। रेलवे विभाग ने रेलवे स्टेशन कटड़ा से फल विक्रेताओं के लिए यह सुविधा शुरू की है। यह चेरी मुंबई वासियों को 30 घंटे में उपलब्ध हो जाएगी।



# इन्फिनिक्स ने जीटी 30 प्रो गेमिंग स्मार्टफोन लॉन्च किया




**रांची।** नए युग के स्मार्टफोन ब्रांड, इन्फिनिक्स ने आज भारत में इन्फिनिक्स जीटी 30 प्रो लॉन्च किया। गेमिंग पर केंद्रित रहने के अपने सिद्धांत के साथ इन्फिनिक्स जीटी 30 प्रो में फ्लैगशिप ग्रेड की प्रोसेसिंग, आधुनिक थर्मल डिजाईन, और इमर्सिव कंट्रोल फीचर्स दिए गए हैं, जो केंद्रित परफॉर्मेंस प्रदान करते हैं। जीटी 30 प्रो को 12 जून, 2025 से फ्लिपकार्ट पर खरीदा जा सकेगा। लॉन्च के दिन के लिए इसका मूल्य 22,999 रुपये (सभी ऑफरों के साथ) रखा गया है। यह दो आकर्षक रंगों - डार्क फ्लेयर (आरजीबी एलईडी लाईटिंग के साथ) और ब्लेड व्हाईट (सफेद एलईडी लाईटिंग के साथ) में उपलब्ध होगा। यह डिवाईस मिड-प्रीमियम सेगमेंट में बेहतरीन गेमिंग प्रदान करेगी, क्योंकि इसमें उद्योग के अग्रणी इनोवेशन और फंक्शनल गेमिंग डिजाईन दिए गए हैं, जो गेमर्स को आकर्षित करते हैं। लॉन्च के बारे में अनीश कपूर, सीईओ, इन्फिनिक्स इंडिया ने कहा, ह्लजीटी30 प्रो इन्फिनिक्स और भारत में गेमिंग के परिदृश्य के लिए एक महत्वपूर्ण शुरूआत है। बढ़ती मोबाईल गेमिंग के साथ आज के गेमर्स केवल कॉस्मेटिक अपग्रेड नहीं, बल्कि जबरदस्त परफॉर्मेंस, आधुनिक थर्मल डिजाईन और इमर्सिव गेमप्ले की भी मांग करते हैं।

# कपिल देव ने की टी20 मुंबई लीग के लिए फाल्कन्स जर्सी लॉन्च



**मुंबई।** क्रिकेट के दिग्गज कपिल देव ने टी20 मुंबई लीग के आगामी 2025 सत्र के लिए टीम के ब्रांड एंबेसडर के रूप में सोबो मुंबई फाल्कन्स की आधिकारिक जर्सी का अनावरण किया। इस कार्यक्रम ने न केवल टीम के आधिकारिक लॉन्च को चिह्नित किया, बल्कि एक महत्वपूर्ण क्षण भी चिह्नित किया, क्योंकि अमीत एच गढ़ोके के स्वामित्व वाली फ्रैंचाइजी, मुंबई फाल्कन्स रेसिंग लिमिटेड के तहत मोटरस्पोर्ट्स में छह बेहद सफल वर्षों के बाद क्रिकेट की दुनिया में कदम रख रही है। कपिल देव का फ्रैंचाइजी में स्वागत करते हुए, टीम ने भारतीय क्रिकेट के एक आइकन को अपने साथ पाकर गर्व व्यक्त किया। कपिल देव ने आगे की यात्रा के बारे में अपनी उत्तेजना साझा करते हुए कहा, मुंबई हमेशा भारतीय क्रिकेट का दिल और आत्मा रही है, और उनके उद्घाटन के सफर में सोबो मुंबई फाल्कन्स के साथ खड़ा होना मेरे लिए सम्मान की बात है। उन्होंने मुंबई की पहचान बताने वाले जज्बे, तन्यकता और कड़ी मेहनत को मूर्त रूप देने के लिए टीम की प्रशंसा की। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को सलाह देने और उनमें जुनून, अनुशासन और उत्कृष्टता की खोज के मूल्यों को भरने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई। कपिल ने इस बात पर जोर दिया कि टी20 मुंबई लीग उभरते सितारों के लिए एक मंच है और उन्हें विश्वास है कि फाल्कन्स एक मजबूत छाप छोड़ेंगे। सोबो मुंबई फाल्कन्स टीम में अंगकृष रघुवंशी, हर्ष रामनाथ अघव, कुश राजेश करिया, साई गणेश चव्हाण और निशित महेंद्र बल्ला जैसे होनहार खिलाड़ी शामिल हैं। स्टार इंडिया क्रिकेटर श्रेयस अय्यर को 2025 सीजन के लिए आइकॉन प्लेयर चुना गया है। अनुभव और युवाओं के दमदार मिश्रण, मोटरस्पोर्ट्स की समृद्ध विरासत और कपिल देव के नेतृत्व के साथ, सोबो मुंबई फाल्कन्स टी20 मुंबई लीग 2025 में धमाकेदार शुरूआत करने के लिए तैयार हैं।

# पर्यावरण दिवस पर कलाकारों ने किया पौधारोपण



**मुंबई।** वर्ल्ड एनवायरनमेंट डे के मौके पर शेमारू उमंग पर प्रसारित शो 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन' के सेट पर एक खास नजारा देखने को मिला। शो के मुख्य कलाकार ने शूटिंग से समय निकालकर वृक्षारोपण अभियान में हिस्सा लिया। इन सितारों ने न सिर्फ पौधे लगाए, बल्कि पर्यावरण की रक्षा के लिए व्यक्तिगत संकल्प भी लिया। इशिता ने कहा,मेरे लिए एनवायरनमेंट डे सिर्फ एक दिन फॉलो करने वाली चीज नहीं है, बल्कि ये हर दिन किए जाने वाले सही चुनाव को लेकर है। आज शो सेट के आसपास पौधे लगाकर दिल को बहुत सुकून मिला। मुझे हमेशा से प्रकृति के बीच शांति मिलती है, जैसे पत्तों की सरसराहट, बारिश के बाद की मिट्टी की खुशबू या फिर आसमान के कई रंगों को देखना। ये सब मुझे धरती से जोड़े रखते हैं और याद दिलाते हैं कि जीवन जीने के सही मायने क्या हैं।

# जयप्रदीप वासुदेवन बने काइनेटिक ग्रीन के 2-व्हीलर के प्रेसिडेंट



**रांची।** काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड ने जयप्रदीप वासुदेवन को अपने इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बिजनेस का प्रेसिडेंट नियुक्त किया है। जयप्रदीप को ऑटोमोबाइल उद्योग में 25 से अधिक वर्षों का शानदार अनुभव है। वे इस इंडस्ट्री में रणनीतिक नेतृत्व, व्यवसाय विकास, संगठन विकास और वाणिज्यिक संचालन में अपनी विशेषज्ञता लेकर आयेंगे, जो विभिन्न ऑटोमोटिव ओईएम और भूमिकाओं में फैली हुई है। काइनेटिक ग्रीन की फाउंडर और सीईओ सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा कि हम अपने सफर के इस महत्वपूर्ण बदलाव के समय जेपी को काइनेटिक ग्रीन में शामिल करके बहुत खुश हैं। जैसे-जैसे हम अपनी नेतृत्व टीम को मजबूत कर रहे हैं, उनका व्यापक अनुभव, उद्योग की गहरी समझ, ग्राहक-केंद्रित सोच और सटीक कार्यान्वयन बहुत कीमती होगा। जेपी के नेतृत्व में हमारे टू-व्हीलर बिजनेस के साथ, हम अपने उत्पादों की ताकत और प्रभाव को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हमें भरोसा है कि हम भारत के निजी इलेक्ट्रिक क्षेत्र में अग्रणी बनकर उभरेंगे। इस नई भूमिका के लिए अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए जयप्रदीप ने कहा कि मैं काइनेटिक ग्रीन में शामिल होकर और इसके इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बिजनेस का नेतृत्व करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। काइनेटिक ग्रीन ब्रांड की शानदार विरासत है और यह आज भी भारत के आम लोगों के लिए पर्यावरण के अनुकूल इलेक्ट्रिक समाधानों की विविध रेंज के जरिए महत्वपूर्ण बना हुआ है। मैं ग्राहकों की जरूरतों पर ध्यान देकर, बेहतर वितरण चैनलों और ग्राहकों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के जरिए कंपनी के इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर व्यवसाय को तेजी से बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हूं, साथ ही नेट-जीरो भारत के लक्ष्य में सकारात्मक योगदान देने के लिए भी तत्पर हूं।

## इलेक्ट्रिक स्कूटर चेतक ने तोडे बिक्री के सभी रिकार्ड

**नई दिल्ली।** बीते अप्रैल महीने में स्वदेशी कंपनी बजाज ऑटो का इलेक्ट्रिक स्कूटर चेतक बिक्री के अपने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ चुका है। अप्रैल 2025 में बजाज ऑटो ने इस मॉडल की 19,216 यूनिट्स बेचीं, जो कि पिछले साल अप्रैल 2024 के मुकाबले 8,095 यूनिट्स ज्यादा है। इस तरह इसे 72.79प्रतिशत की सालाना ग्रोथ मिली है। इसके साथ ही चेतक ईवी का कंपनी के घरेलू बिक्री में मार्केट शेयर बढ़कर 10.69प्रतिशत हो गया है, जिसका मतलब है कि हर 10 ग्राहकों में से लगभग 1 ग्राहक इसे खरीद रहा है। इस प्रदर्शन के कारण चेतक ने ओला को नंबर-1 की पोजीशन से पीछे छोड़ दिया है। चेतक की नई 35 सीरीज एक नए प्लेटफॉर्म पर आधारित है।

# किशोरगंज चौक में ई-मेडिक्स स्मार्ट फामेर्सी का शुभारंभ



**रांची।** फामेर्सी सेक्टर में विश्वसनीय सेवा देने का वादा करते हुए ई-मेडिक्स स्मार्ट फामेर्सी ने मंगलवार को किशोरगंज चौक में अपने नए ब्रांडेड स्टोर का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व मंत्री सी. पी. सिंह ने रिबन काटकर स्टोर का उद्घाटन किया।उद्घाटन समारोह में श्री सिंह ने कहा कि दवाओं की सहज उपलब्धता और गुणवत्ता हर नागरिक की आवश्यकता है। ई-मेडिक्स जैसे ब्रांड इस क्षेत्र में पारदर्शिता और भरोसे का नया अध्याय जोड़ रहे हैं।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मंटू पॉल, सोमनाथ पॉल, मनोज बर्मन, संजुक्ता बर्मन, सृष्टि पॉल और दीपक प्रसाद मौजूद रहे।ई-मेडिक्स के सह-संस्थापक दानिश अशरफ ने बताया कि स्टोर में ब्रांडेड व जेनेरिक दवाओं के साथ ओटीसी उत्पाद, प्रिस्क्रिप्शन पर ऑर्डर प्रोसेसिंग और होम डिलीवरी की सुविधा मिलेगी। टेक-इनेबल्ड स्टॉक मैनेजमेंट सिस्टम भी स्टोर की विशेषता है। इस अवसर पर वकार सिद्दीकी, शिवम कुमार और विशाल कुमार ने स्टोर की व्यवस्थाओं की जानकारी दी। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल

# भारतीय मेडटेक स्टार्ट-अप को न्यूयॉर्क के नास्दाक पर किया सूचीबद्ध




**रांची।** विश्वस्तरीय मंच पर भारतीय मेडिकल टेक्नोलॉजी को नया आयाम देते हुए स्वदेशी एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम का निमार्ता एसएस इनोवेशन्स आज न्यूयॉर्क सिटी में नास्दाक मार्केट साईट के साथ जुड़ गया है। कंपनी के शेयर्स को टिकर सिंबल ह्यएसएसआईआईह्ण के तहत सूचीबद्ध किया गया है। कार्यक्रम का नेतृत्व एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल के संस्थापक, चेयरमैन एवं सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव ने किया। उनके साथ कंपनी की मैनेजमेन्ट टीम, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्य, मुख्य सलाहकार और विशेष अतिथि भी मौजूद रहे। यह उपलब्धि भारत के लिए गौरव का पल है, जो आधुनिक मेडिकल टेक्नोलॉजी में देश के बढ़ते नेतृत्व तथा भारतीय मूल के स्वास्थ्यसेवा समाधानों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिल रही लोकप्रियता की पुष्टि करती है। एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल ने अपने चिकित्सकीय रूप से प्रमाणित एवं पेटेंटेड एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के साथ उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसे देश भर की 75 लोकेशनों में 80 अस्पतालों में इंस्टॉल किया जा चुका है। कंपनी ने नेपाल, इक्वाडोर, ग्वाटेमाला, फिलीपीन्स, इंडोनेशिया, श्रीलंका और युक्रेन में अंतर्राष्ट्रीय मौजूदगी भी स्थापित की है। 100 से अधिक सर्जिकल प्रक्रियाओं में 4000 से अधिक रोबोटिक सर्जरियों को सफलतापूर्वक अंजाम देने के बाद एसएसआई मंत्रा ने किफायती एवं आधुनिक रोबोटिक सर्जरी को बड़ी संख्या में मरीजों तक पहुंचाया है। आने वाले समय मेंयूरोप और यूएस में विस्तार की योजनाओं के साथ एसएस इनोवेशन्स ने मेडिकल रोबोटिक्स के क्षेत्र में अपने आप को ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित कर लिया है तथा दुनिया भर में हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी को आकार देने में भारत की भूमिका को मजबूत बनाया है।

# ऊबर ऑटो का लॉन्च, ऐप से बुक करें ऑटो रिक्शा

**रांची।** देश की अग्रणी मोबिलिटी सर्विस कंपनी ऊबर ने आज रांची में अपने लोकप्रिय प्रोडक्ट ऊबर ऑटो का औपचारिक लॉन्च किया। इसके साथ ही रांची अब उन भारतीय शहरों की सूची में शामिल हो गया है जहां लोग ऐप के जरिए ऑटो रिक्शा की बुकिंग कर सकेंगे। ऊबर ऑटो राइडरों को सस्ती, सुविधाजनक और भरोसेमंद परिवहन सेवा उपलब्ध कराएगा। ऊबर ऐप से ऑटो बुक करने वाले यूजर्स को किराये का अनुमान, 24/7 सेफ्टी सपोर्ट, लाइव लोकेशन ट्रैकिंग और ट्रिप डीटेल्स शेयर करने जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी। शहर में पहले से मौजूद ऊबर मोटो और ऊबर गो सेवाओं को यूजर्स ने खूब पसंद किया है। अब इन विकल्पों के साथ ऊबर ऑटो भी उपलब्ध रहेगा। कंपनी का कहना है कि यह सेवा खास तौर पर रांची जैसे तेजी से बढ़ते शहर में मोबिलिटी की जरूरतों को देखते हुए शुरू की गई है।लॉन्च के मौके पर ऊबर इंडिया साउथ एशिया के डायरेक्टर - कंज्यूमर एंड ग्रोथ, शिवा शैलेन्द्रन ने कहा, 'रांची प्राकृतिक खूबसूरती और शहरी विकास का अद्भुत मेल है।

**खास खबर**

### खिताब जीतते ही बदला आरसीबी का नारा

1 **अहमदाबाद ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) कि मेहनत आखिरकार रंग लायी और रजत पाटीदार की कप्तानी में उसने आईपीएल खिताब अपने नाम किया। फाइनल में आरसीबी ने पहले खेलते हुए 190 रन बनाए। इसके जवाब में पंजाब किंग्स की टीम 184 रन ही बना पाई। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की पारी लड़खड़ा गयी और उसके हाथ से मैच फिसल गया। वहीं आरसीबी ने बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी प्रभावी प्रदर्शन किया। जीत के साथ ही आरसीबी का नारा भी बदल गया। अब तक जहां कन्नड़ भाषा में ई साला कप नमदे (इस बार कप हमारा होगा) का नारा टीम के खिलाड़ी लगाते थे। वहीं ट्रॉफी जीतते ही टीम का नारा भी बदल गया। इसी लिए टीम के कप्तान रजत पटीदार ने जीत के बाद कहा, ई साला कप नमदु। वहीं टीम के साथ लंबे समय तक रहे एबी डिविलियर्स ने नया नारा ई साल कप नमदु पोस्ट किया है। कन्नड़ में ई साला कप नमदु का मतलब होता है।] इस साल कप हमारा हुआ।

### राजगीर में तेजी से बन रहा अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में राजगीर अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण का काम तेजी से चला रहा है। इससे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मैचों के आयोजन के साथ-साथ स्थानीय खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और खेल सुविधाएं मिल सकेंगी। ये स्टेडियम अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। इसमें अत्याधुनिक हाई मास्ट लाइट, साउंड सिस्टम, वाटर सप्लाई, फायर अलार्म, फायर फाइटिंग सिस्टल भी लगाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टेडियम में लाल मिट्टी से बनाई जा रही 6 क्रिकेट पिचों का कार्य पूरा हो गया है। पिच पर घास लगाने का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। काली मिट्टी से 7 क्रिकेट पिच बनाई गई है। पिच पर घास लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके अलावा जनरल स्टैंड ईस्ट, जनरल स्टैंड वेस्ट तथा रिवर्स पवेलियन का सिविल वर्क भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। सिविल वर्क के साथ ही फिनिशिंग वर्क भी किया जा रहा है।

### पंजाब किंग्स के प्रदर्शन से संतुष्ट कोच रिकी पोंटिंग

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) से 6 रन से हारने के बावजूद पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने टीम के समग्र प्रदर्शन की सराहना की। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में पंजाब की टीम ने पहले गेंदबाजी करते हुए आरसीबी को नौ विकेट पर 190 पर रोक दिया था। टीम के लिए अर्शदीप सिंह और काइल जैमीसन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-3 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स को प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने तेज शुरूआत दिलाई, लेकिन मध्यक्रम उस लय को बरकरार नहीं रख सका और टीम लक्ष्य से महज 6 रन पीछे रह गई। आखिरी ओवरों में शशांक सिंह ने शानदार प्रयास करते हुए 30 गेंदों में नाबाद 61 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में रिकी पोंटिंग ने कहा कि जिस अंदाज में हमने इस पूरे सीजन में क्रिकेट खेला है, वह काफी मनोरंजक रहा है।

## आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-3: पार्थ सालुंखे की चमक से बढ़ी भारत की उम्मीदें

# बैप्टिस्ट एडिस को हराकर जीता पहला पदक



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के युवा तीरंदाज पार्थ सालुंखे की हालिया सफलता ने भारतीय तीरंदाजी में नई ऊर्जा भर दी है। शंघाई में हुए आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-2 में अपना पहला विश्व कप पदक जीतकर चर्चा में आए 21 वर्षीय पार्थ अब अंताल्या में बुधवार से शुरू हो रहे स्टेज-3 में दम दिखाने को तैयार हैं। महाराष्ट्र के सतारा से ताल्लुक रखने वाले पार्थ ने शंघाई में अपने जबरदस्त प्रदर्शन से सबको चौंका दिया। उन्होंने पहले राउंड में टोक्यो ओलंपिक चैंपियन मेटे गजोज को शूट-ऑफ में हराया और फिर क्वार्टरफाइनल में दो बार के ओलंपिक टीम गोल्ड मेडलिस्ट कोरियाई खिलाड़ी किम जे-डियोक को सीधे सेटों में मात दी। सेमीफाइनल में वह कोरियाई दिग्गज किम वू-जिन के खिलाफ 0-4 से पिछड़ने के बाद 4-4 की बराबरी पर आए, लेकिन निर्णायक सेट में करीबी मुकाबले में हार गए। इसके बावजूद, उन्होंने कांस्य पदक मुकाबले में पेरिस ओलंपिक रजत विजेता बैप्टिस्ट एडिस को हराकर अपना पहला वर्ल्ड कप पदक हासिल किया। हालांकि पार्थ क्वालिफिकेशन राउंड में भारतीय तीरंदाजों में सबसे पीछे 60वें स्थान पर रहे थे, लेकिन एलिमिनेशन राउंड में उन्होंने गजब की मानसिक मजबूती दिखाई। उनके अनुसार, मेरा फोकस सिर्फ पदक पर नहीं था, मैं देखना चाहता था कि मैंने जो प्रैक्टिस की है, वो मैच में उतार पाता हूं या नहीं। पार्थ की इस प्रेरक सफलता से भारतीय पुरुष रिकर्व टीम-जिसमें तरुणदीप राय, अतानु दास और धीरेज बोम्मदेवरा शामिल हैं झ को भी प्रेरणा मिली है। शंघाई में ब्रॉन्ज मेडल प्लेऑफ में अमेरिका से हारकर मेडल से चूकने वाली यह टीम अंताल्या में वापसी करना चाहेगी। महिला वर्ग में दीपिका कुमारी ने मां बनने के बाद जबरदस्त वापसी की है। शंघाई में उन्होंने कांस्य पदक जीता और सेमीफाइनल में कोरियाई लिम सिह्योन से हार गईं। दीपिका की निगाहें अब अपने पहले विश्व कप गोल्ड पर हैं जो उन्होंने आखिरी बार 2021 में जीता था। भारत ने शंघाई में कुल सात पदक (2 स्वर्ण, 1 रजत, 4 कांस्य) जीतकर कोरिया के बाद दूसरा स्थान हासिल किया था। कंपाउंड वर्ग में भारत का दबदबा रहा, जहां मधुरा धमणगांवकर ने व्यक्तिगत स्वर्ण जीता और ओजस देओताले, ऋषव यादव और अभिषेक वर्मा की टीम ने भी गोल्ड पर कब्जा किया।

## दूसरी बार एक ही टीम के खिलाड़ियों ने जीती ऑरेंज और पर्पल कैप



एजेंसी

**अहमदाबाद ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18 वें सत्र में गुजरात टाइटंस की टीम अच्छे प्रदर्शन के बाद भी भले ही फाइनल तक नहीं पहुंच पायी लेकिन लीग स्तर पर अपने बेहतरीन प्रदर्शन के कारण सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज और सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप पर उसी के खिलाड़ियों का कब्जा रहा। आईपीएल के 18 सालों के इतिहास में ये दूसरा अवसर रहा है जब एक टीम के ही खिलाड़ियों ने ऑरेंज और पर्पल कैप जीता हो। इससे पहले साल 2017 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाड़ियों ने ही ये दोनो कैप जीत थे। ये संयोग ही है कि तब सनराइजर्स भी फाइनल में नहीं पहुंच पायी थी। गुजरात के बल्लेबाज साई सुदर्शन को ऑरेंज कैप मिला। सुदर्शन ने इस साल शानदार बल्लेबाजी की करते हुए 15 मैचों में 54.21 की औसत से 759 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 156.17 का रहा ह। सुदर्शन ने विराट कोहली और श्रेयस अय्यर को भी पीछे छोड़कर ये ऑरेंज कैप जीत। वहीं कोहली ने 614 और अय्यर ने 603 रन बनाए हैं। दूसरी ओर विकेट की बात करें तो गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने पर्पल कैप जीती। उन्होंने 15 मैचों में 19.52 की औसत से 25 विकेट लिए। ऑरेंज और पर्पल कैप के लिए इन्हें 10-10 लाख रुपये का इनाम मिला।

## नॉर्वे शतरंज राउंड 8: हिकारू ने गुकेश को दी मात



एजेंसी

**स्टावेंगर (नॉर्वे)।** नॉर्वे शतरंज 2025 के आठवें राउंड में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस राउंड का सबसे चर्चित मैच विश्व चैंपियन डी. गुकेश और अमेरिका के दिग्गज ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा के बीच खेला गया, जिसमें नाकामुरा ने जीत दर्ज की। शुरूआत से ही हिकारू नाकामुरा ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए गुकेश को दबाव में ला दिया। पिछले दो राउंड में जबरदस्त बचाव करने वाले गुकेश इस बार नाकामुरा के हमलों के आगे टिक नहीं सके और उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस जीत से नाकामुरा को पूरे तीन अंक मिले। एक और अहम मुकाबले में भारतीय शतरंज खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी की फबियानो कारुआना से लंबी और कठिन जंग चली। एंडगेम में कारुआना थोड़े बेहतर स्थिति में दिखे, लेकिन समय के दबाव में उन्होंने एक निर्णायक चूक कर दी। एरिगैसी ने इसका फायदा उठाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया और तीन अंक हासिल किए। दिन का अंतिम मुकाबला चीन के वेई यी और विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन के बीच खेला गया, जो नियमित समय में बिना किसी खास हलचल के ड्रॉ पर समाप्त हुआ। हालांकि, आर्मगेडन मुकाबले में वेई यी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्णायक अंक हासिल किए। महिला वर्ग में भी आठवें राउंड में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। भारत की अनुभवी खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने ईरान की सारा खादेम के खिलाफ जटिल स्थिति से बाजी को अपने पक्ष में मोड़ा। खुलेपन से ही हम्पी ने जटिल पोजिशन तैयार की और इसे सटीक अंदाज में जीत में बदल दिया। हालांकि, समय की कमी के चलते उन्होंने एक गंभीर चूक की, जिससे सारा खादेम के पास वापसी का मौका था लेकिन उस मौके को भुनाने में असफल रहीं और हम्पी ने तीन अंक पक्के किए।

## श्रेयस अय्यर नहीं बना पाये रिकार्ड



एजेंसी

**अहमदाबाद ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फाइनल में पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर के पास लगातार दो फाइनल जीतकर इतिहास बनाने का अवसर था पर वह इसमें असफल रहे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मुकाबले में पंजाब को खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में जीत के लिए मिले 191 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब ने अच्छी शुरूआत की थी। एक समय पंजाब ने 8.3 ओवर में 2 विकेट पर 72 रन बना लिए थे पर कप्तान श्रेयस अय्यर के आउट होने से मैच आरसीबी की ओर झुक गया। इसके बाद पंजाब की टीम दबाव में आ गई और लगातार विकेट खोती रही। उसके बल्लेबाज जोश इंग्लिस एक छोर पर जमे हुए थे पर क्रुणाल की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में इस बल्लेबाज ने अपना विकेट गंवा दिया। इंग्लिस के आउट होने के बाद पंजाब नहीं संभल पायी। इस मैच में आरसीबी ने जीत के लिए पूरी ताकता झौंक दी। उसके स्पिनर क्रुणाल पंड्या ने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिए। अंतिम ओवर में पंजाब को जीत के लिए 29 रन चाहिए थे और इसके लिए पंजाब के शशांक सिंह ने काफी प्रयास किया। शशांक ने 30 गेंद में 61 रन बनाये।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले महीने जुलाई में होने वाली पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय आस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान कर दिया है। टीम की कमान ऑलराउंडर मिशेल मार्श को सौंपी गई है। ऑस्ट्रेलिया को वेस्टइंडीज दौरे पर तीन टेस्ट और पांच टी-20 मैच खेलने हैं। टी-20 श्रृंखला की शुरूआत 19 जुलाई को होगी। टी-20 टीम में पहली बार मिशेल ओवेन और मैथ्यू कुहनेमैन को शामिल किया गया है। दोनों ने घरेलू एवं लीग क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। कैमरून ग्रीन और कूपर कोनोली टीम में वापस आए हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भी टीम में शामिल किया गया है। वे पाकिस्तान के खिलाफ पिछली टी20 सीरीज में नहीं खेल पाए थे। जेक फ्रेजर मैकगर्क और मार्क स्टोइनिस को टीम से बाहर कर दिया गया है। चयन प्रमुख जॉर्ज बेली का कहना है कि यह श्रृंखला अगले वर्ष भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम चुनने के लिए महत्वपूर्ण है। बेली ने कहा कि हमारा आगामी टी20 कार्यक्रम काफी व्यस्त है। हम एक ऐसी टीम का निर्माण कर रहे हैं जो हमें लगता है कि उपमहाद्वीप में होने वाले विश्व कप के लिए उपयुक्त होगी।

## स्वर्ण पदक विजेता आशीष सिंह सम्मानित

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतने वाले मुरादाबाद के आशीष सिंह को बधुवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह ने अपने कार्यालय में मेडल पहनाकर सम्मानित किया। जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शाहवेज अली ने बताया कि आशीष सिंह ने उप्र के साथ मुरादाबाद का नाम भी रोशन किया है। उन्होंने आगे बताया कि राष्ट्रीय कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता 29 मई से 2 जून तक देहरादून में आयोजित हुई थी। आशीष सिंह शहर के उभरते हुए ताइक्वांडो के जाबाज खिलाड़ी है। आशीष का चयन एशियन ताइक्वांडो प्रतियोगिता के कैंप में हो गया है जो अगले माह नाशिक में आयोजित होने वाला है।

## अरुण जेटली स्टेडियम को मिला बेस्ट पिच एंड ग्राउंड अवॉर्ड

▶ आईपीएल में दिल्ली को बड़ी उपलब्धि




एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के सफल आयोजन के बाद दिल्ली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) को बड़ी उपलब्धि मिली है। बीसीसीआई (बीसीसीआई) ने अरुण जेटली स्टेडियम को 'बेस्ट पिच एंड ग्राउंड' अवॉर्ड से सम्मानित किया है। यह सम्मान पिच की गुणवत्ता, आउटफील्ड की देखरेख और संपूर्ण ग्राउंड प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए दिया गया है। इस पुरस्कार के जरिए आईपीएल 2025 के दौरान ग्राउंड स्टाफ द्वारा किए गए शानदार कार्य को मान्यता मिली है। पूरे टूनार्मेंट में अरुण जेटली स्टेडियम ने खिलाड़ियों को न केवल प्रतिस्पर्धात्मक विकेट प्रदान किया, बल्कि दर्शकों को भी बेहतरीन अनुभव दिया। इस अवसर पर डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा, यह अवॉर्ड हमारे क्यूरेटर, स्टाफ और प्रबंधन की अथक मेहनत का परिणाम है। हम क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर में उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डीडीसीए की उपाध्यक्ष शिखा कुमार ने कहा, यह सम्मान हमारे उस विजन को मान्यता देता है जिसमें हम अरुण जेटली स्टेडियम को एक वर्ल्ड-क्लास क्रिकेट वेन्यू बनाना चाहते हैं। यह दिल्ली क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण है। सचिव अशोक शर्मा ने कहा, हर शानदार मैच के पीछे एक मेहनती टीम होती है जो दिन-रात काम करती है। यह अवॉर्ड उसी जुनून और प्रोफेशनलिज्म का प्रतीक है। संयुक्त सचिव अमित ग्रोवर ने कहा, ह्लइस सम्मान से हम बेहद उत्साहित हैं। यह हमें खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए और बेहतर सुविधाएं विकसित करने के लिए प्रेरित करता है। कोषाध्यक्ष हरीश सिंगला ने कहा, यह उपलब्धि न केवल हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है, बल्कि संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और योजनाबद्धता का भी प्रमाण है। डीडीसीए ने बीसीसीआई और सभी हितधारकों का आभार व्यक्त किया है और भविष्य में और भी विश्व स्तरीय क्रिकेट की मेजबानी करने की उम्मीद जताई है। यह सम्मान न केवल दिल्ली की प्रतिष्ठा को बढ़ाता है, बल्कि क्रिकेट के विकास में डीडीसीए के समर्पण को भी दशार्ता है।

## भारतीय महिला हॉकी टीम करेगी अपने अभियान की शुरूआत



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप 2025 में अपने अभियान की शुरूआत 5 सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ मुकाबले से करेगी। यह टूनार्मेंट 5 से 14 सितंबर के बीच चीन के हांगझोऊ में होगा। भारत को पूल-बी में रखा गया है, जिसमें गत चैंपियन जापान, थाईलैंड और सिंगापुर की टीमें भी शामिल हैं। पूल-ए में मेचबान चीन के साथ कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपे की टीमें शामिल हैं। टीम इंडिया पिछली बार ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफल रही थी, लेकिन इस बार उसकी निगाहें स्वर्ण पदक पर होंगी। खास बात यह है कि एशिया कप का खिताब जीतने वाली टीम को 2026 महिला एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप के लिए सीधी क्वालिफिकेशन मिलेगी, जो टूनार्मेंट की अहमियत को और भी बढ़ा देता है। हॉकी इंडिया की ओर से जारी बयान में भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, हम एशिया कप अभियान को लेकर बेहद उत्साहित हैं। जापान जैसी मजबूत टीम के साथ पूल में होना हमारे कौशल और मानसिक मजबूती की परीक्षा लेगा, लेकिन यह हमारे लिए एक शानदार मौका भी होगा कि हम शुरू में ही अपनी स्थिति आंक सकें। हमारा फोकस स्मार्ट और अनुशासित हॉकी खेलने पर रहेगा। हमारा लक्ष्य ट्रॉफी जीतना और वर्ल्ड कप में जगह पक्की करना है। टीम की उपकप्तान नवनीत कौर ने कहा, ₹यह टूनार्मेंट चुनौतीपूर्ण रहेगा, क्योंकि एशिया की शीर्ष टीमें आमने-सामने होंगी। हम इसे एक मौके की तरह देख रहे हैं कि अपनी पूरी ताकत मैदान पर दिखा सकें। हमने कठिन ट्रेनिंग की है और हर प्लान को सही तरीके से लागू करने की कोशिश करेंगे। जापान के खिलाफ पूल मुकाबला हमारे आत्मविश्वास को और बढ़ाएगा। भारतीय महिला हॉकी टीम ने पिछली बार 2017 में एशिया कप का खिताब जीता था, जब उसने फाइनल में चीन को हराया था।

## मेरा दिल और आत्मा आरसीबी के साथ : विराट



एजेंसी

**अहमदाबाद ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत के बाद उसके पूर्व कप्तान विराट कोहली अपनी भावनाओं पर काबू नहीं कर पाये। विराट ने कहा कि मेरा दिल बेंगलुरु के साथ है, मेरी आत्मा बेंगलुरु के साथ है। ये कहते हुए उनकी आंखों से आंसू निकल गये। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने जैसे ही 20वें ओवर की अंतिम गेंद फेंकी। जीत की खुशी में विराट की आंखों से आंसू गिरने लगे। अपना चेहरा उन्होंने छिपा लिया। आरसीबी के खिलाड़ियों ने उन्हें घेरे लिया। 18 नंबर की जर्सी का खिताबी इंतजार 18 साल में जो समाप्त हुआ था। तीन फाइनल हारने के बाद आरसीबी पहली बार कोई फाइनल जीती है। ये क्षण विराट पर भरोसा करने वाली एक टीम के लिए भावुक करने वाला था। पिछले 18 साल की असफलता और निराशा इस एक पल में कहीं पीछे हो गई। एक खिताब जिसकी तलाश में विराट थे वह आखिरकार उन्हें मिल ही गया। विराट ने जीत के बाद कहा कि ये ट्रॉफी जितनी मेरे लिए है, उनती ही प्रशंसकों के लिए भी कीमती है। पिछले 18 साल हो गए हैं। मैंने इस टीम को अपनी जवानी, अपना अनुभव सहित सब कुछ दिया है। मैंने हर सीजन में इसे जीतने की कोशिश की थी। अंत में ये जीत हासिल करना विश्वसनीय एहसास है। इसी कारण आखिरी गेंद फेंके जाने के बाद मैं भावनाओं से भर गया था। मैंने इसके लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी थी यह एक अनौखा अनुभवी है। विराट के एकमात्र क्रिकेटर हैं, जो लगातार एक ही टीम से खेल रहे हैं।

# लीग क्रिकेट के प्रति आकर्षित होकर समय से पहले संन्यास ले रहे खिलाड़ी

▶ आने वाले समय में क्लब कल्चर हावी होगा



एजेंसी

**मम्बई ।** जिस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन ने टी20 लीग में खेलने अचानक ही अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उससे ये संकेत मिल रहे हैं कि भविष्य में क्रिकेट में भी क्लब कल्चर आयेगा। मैक्सवेल और क्लासेन से पहले भी कई अन्य खिलाड़यों ने भी ऐसा ही किया है। इसमें वेस्टइंडीज के सबसे अधिक खिलाड़ी हैं। इससे वेस्टइंडीज की टीम बेहद कमजोर हो गयी क्योंकि दिग्जज खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम की जगह लीग क्रिकेट को प्राथमिकता देने लगे। खिलाड़ियों इस बदलाव के पीछे व्यक्तिगत प्राथमिकताएं, वित्तीय लाभ, और खेल की बढ़ती व्यावसायिकता शामिल हैं। पहले वेस्टइंडीज के खिलाड़ी ही देश के बजाए फ्रेंचाईजी क्रिकेट को अधिक वरीयरता दे रहे था पर अब इनमे कई और देशों के खिलाड़ी भी शामिल होने लगे हैं। न्यूजीलैड के अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन सहित कई खिलाड़ियों ने केन्द्रीय अनुबंध देने से हंकार कर दिया है।

हाल के एक सर्वेक्षण के अनुसार विभिन्न देशों के 60 फीसदी सबे अधिक प्रमुख खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को छोड़कर केवल घरेलू फ्रेंचाइजी लीगों में खेलने पर विचार कर रहे हैं. इसका मुख्य कारण लीगों में बेहतर वित्तीय अवसर और कम समय की प्रतिबद्धताएं हैं। इसके परिणामस्वरूप, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की प्राथमिकता में कमी और लीगों की बढ़ती लोकप्रियता देखी जा रही है। जिस उम्र में खिलाड़ी सन्यांस ले रहे है वो खेल में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए सबसे अच्छा माना जाता रहा है। खिलाड़ियों का यह रुझान अब फ्रेंचाइजी क्रिकेट की तरफ ज्यादा बढ़ रहा है जो खेल की संरचना में बदलाव का संकेत देता है कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह प्रवृत्ति जारी रहती है, तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की प्रतिष्ठा प्रभावित होगी। न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर ने इसपर चिन्ता जतायी है, और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया है पर किसी भी देश के पास अपने स्टार खिलाड़ियों को रोकने के लिए कोई योजना नहीं है। खिलाड़ियों को केवल सेंट्रल अनुबंध देकर नहीं रोका जा सकता. मैक्सवेल और क्लासेन दोनों ने के संन्यास के कारण अलग-अलग हैं, लेकिन दोनों ही खिलाड़ियों ने अपने करियर के इस मोड़ पर व्यक्तिगत और पेशेवर कारणों का हवाला दिया है। क्लासेन ने 33 वर्ष की आयु में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया। उन्होंने पारिवारिक समय और बेहतर कार्य-जीवन संतुलन को प्राथमिकता दी है हालांकि वह फ्रेंचाइजी लीगों में खेलते रहेंगे। इससे जो संकेत मिल रहे है कि उनको अगले कुछ सालों के लिए फ्रेंचाइजी क्रिकेट के तमाम अनुबंध हैं। मैक्सवेल ऑस्ट्रेलिया के इस ऑलराउंडर ने वनडे क्रिकेट से संन्यास लिया, ताकि वह 2026 टी20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित कर सकें और फ्रेंचाइजी लीगों में अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा कर सकें। एविन लुईस वेस्ट इंडीज के इस बल्लेबाज ने 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में सक्रिय रहने का फैसला किया।



पेरिस के रोला गैरा में फ्रेंच ओपन टेनिस में जीत के बाद उत्साहित चीन की झेंग क्वीनविन।

# साबूदाना पायसम

छह लोगों के लिए



### सामग्री

500 ग्राम साबूदाना, 20 ग्राम घी, 1 लीटर दूध, 1/2 टी स्पून केसर के धागे, 200 ग्राम गुड़, 2 छोटी इलायची पिसी हुई, 50 ग्राम काजू के टुकड़े, 20 ग्राम किशमिश।

### विधि

- एक फ्राइंग पैन में घी डालकर गर्म करें।
- काजू व किशमिश डालकर सुनहरा करें। अलग रखें।
- एक पैन में 1 लीटर पानी उबालें। जब पानी खौलने लगे तब साबूदाना डाल कर पकाएं। जब साबूदाना पक जाए तब गुड़ डालकर अच्छी तरह चलाते हुए पकाएं।
- गुड़ जब अच्छी तरह घुल जाए तब केसर, इलायची पाउडर, काजू और किशमिश डालकर अच्छी तरह मिलाएं।
- दूध डालकर अच्छी तरह मिलाएं। आंच से उतार ठंडा करके सर्व करें।

सात लोगों के लिए

# बेसनी कचौड़ी



**सामग्री:** 600 ग्राम मैदा, 250 ग्राम बेसन, एक चम्मच लाल मिर्च, एक चुटकी हींग, नमक स्वादानुसार, तलने के लिए घी।


**विधि :** ८ 500 ग्राम मैदा रोटी के आटे की तरह गूंध लें। बेसन में नमक, हींग, मिर्च डालकर मैदा की तरह गूंध लें।

८ मैदा की लोई बनाकर इसमें बेसन कचौड़ी की तरह भर लें। टिकिया को बची मैदा का पलोथन अच्छी तरह लगा-लगाकर पतली बेल लें। जितनी पतली बेलेंगी उतनी ही अच्छी होगी।

८ कड़ाही में घी खूब गर्म करके उसमें कचौड़ी डालें। डालते ही यह फूल जाएगी।

डॉक्टर बनने का रास्ता एमबीबीएसए, बीडीएसए, बीएएमएसए, बीएचएमएस जैसे कोर्सेज से होकर जाता है। इसके लिए आपको ऑल इंडिया प्री. मेडिकल टेस्ट एग्जाम क्वालिफाई ड़ करना होता है। मेरिट के बेस पर आपको इन कोर्सेज में एडमिशन मिलता है। तीन मई को होने वाले इस एग्जाम में ऑब्जेक्टिव टाइप के 180 प्रश्न पूछे जाते हैं। इसमें तीन भाग होते हैं। फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी। यह एग्जाम क्वालिफाई ड़ करने के लिए केवल इंटेलिजेंस ही काफी नहीं है। इसके लिए अच्छी स्ट्रेटेजी भी जरूरी है।

# स्मार्ट स्ट्रेटेजी से पाएं सफलता





## ये हैं स्कोरिंग चैप्टर्स

फि जिक्स, मॉडर्न फि जिक्स, सिंपल सर्किट, मैकेनिक्स, ऑप्टिक्स, हीट, मैग्नेटिज्म और वेव्स केमिस्ट्री, रिएक्शन मैकेनिज्म कॉम्प्लेक्स कंपाउंड केमिकल बॉन्डिंग पॉलिमर एरोमैटिक कंपाउंड केमिकल इक्लिलिब्रियम बायोलॉजी,क्लासीफि केशन एनिमल फि जियोलॉजी एंजियोस्पर्म एप्लीकेशन बायोलॉजी जेनेटिक्स और साइकोलॉजी

## कॉन्सेप्ट पर करें मेहनत



पीएमटी एग्जाम में कॉन्सेप्ट बेस्ड नए प्रश्न पूछे जाते हैं। इसलिए हर टॉपिक के कॉन्सेप्ट और फ ॉर्मूले का यूज अच्छी तरह समझ लें। टॉपिकवाइज नए-नए प्रश्न को सॉल्व करें और अपनी परफ ॉर्मेंस एनालाइज करें।

## प्रैक्टिस करके बढ़ाएं स्पीड

हर दिन नियमित रूप से दो से तीन प्रैक्टिस सेट तय समय से थोड़े कम में सॉल्व करें। जितने ज्यादा से ज्यादा मॉक टेस्ट दे सकेंगे जरूर दें। इससे आपकी स्पीड भी तेज होगी और आपका कॉन्फि डेंस भी बढ़ेगा।

## एक प्रश्न पर एक मिनट

इस एग्जाम में तीन घंटे में तीन सब्जेक्ट्स के 180 प्रश्न पूछे जाते हैं। ऐसे में प्लानिंग के साथ एक प्रश्न पर एक मिनट या उससे कम समय दें ताकि सभी प्रश्नों को देखकर उसे हल कर सकेंगे। आखिर में आपके 15.20 मिनट रिवीजन के लिए भी बच जाऐंगे तो अच्छा है।

## निगेटिव मार्किंग से बचें

एआइपीएमटी में निगेटिव मार्किंग सिस्टम है। सभी रॉन्ग आंसर के लिए एक अंक काट लिए जाते हैं। ऐसे में उन्हीं प्रश्न को पहले सॉल्व करें जिन पर आप कॉन्फिडेंट हों। इसके बाद उनको टच करें जिसमें 50.50 का चांस लग रहा हो। वैसे प्रश्न को ट्राई करने की गलती न करें जिनके किसी भी ऑप्शन के प्रति आप श्योर नहीं हैं।

## छोटी मगर जरूरी बातें

फ्रेशर्स एग्जाम पैटर्न को पूरी तरह से समझ लें। अपने नोट्स जरूर बनाएं। उनसे रिवीजन करें।

## एग्जाम टाइम टिप्स

- एग्जाम से एक दिन पहले ही खुद को पूरी तरह कूल रखें।
- एग्जाम हॉल में जब पेपर सामने हो तो जरा भी न घबराएं।
- किसी तरह की टेंशन से बचने के लिए एग्जाम से कुछ देर पहले क्लासिकल या पुराने गाने सुनें और रिलैक्स हो लें।
- एग्जाम के दौरान मिल्की चॉकलेट खाएं। इससे ग्लूकोज भी मिलता रहेगा और रेस्पिरेटरी सिस्टम भी ठीक रहेगा।

## सिस्टेमेटिक तैयारी जरूरी

पीएमटी की तैयारी के लिए आपको सिस्टेमेटिक अप्रोच रखना चाहिए। पहले ईजी प्रश्न सॉल्व करें फिर टफ्र फिजिक्स की रोज कम से कम 4.6 घंटे प्रैक्टिस करें। केमिस्ट्री को 10.15 दिन पर रिवाइज करें। बॉयोलॉजी के लिए रेगुलर 2.3 घंटे फिक्स्ड टाइम दें। खुद को किसी से कम न समझें सफलता आपकी मुट्ठी में होगी।

# तराशें टैलेंट



**अगर आपको अपने टैलेंट के बारे में अच्छी तरह पता है और आप उसे लगातार निखारने में लगे रहते हैं तो तय मानिए जॉब मार्केट में आपकी वैल्यू न सिर्फ हमेशा हाई रहेगी बल्कि वर्तमान कंपनी भी हर कीमत पर आपको अपने साथ बनाए रखना चाहेगी।**

प्रखर वर्मा एक बड़ी टेलीकम्युनिकेशन कंपनी के मार्केटिंग डिवीजन में सीनियर सेल्स मैनेजर हैं। उन्होंने एमबीए करने के बाद पांच साल पहले इसी कंपनी से जूनियर एग्जीक्यूटिव पद से नौकरी की शुरूआत की थी। अपनी काबिलियत, स्मार्टनेस, सक्रियता, टीम स्पिरिट और कम्युनिकेशन स्किल की बदौलत उन्हें चार प्रमोशन मिले। उनका रिकॉर्ड रहा है कि वे हमेशा दिए गए टार्गेट से डेढ़ गुना ज्यादा अचीव करके कंपनी को देते रहे हैं। अपनी इस यूएसपी की बदौलत वे अधिकारियों और कंपनी के चहेते रहे हैं। हलांकि हाल में कई बड़ी कंपनियों द्वारा उन्हें डेढ़ से दो गुनी सैलरी ऑफर होने की भनक लगते ही उनकी वर्तमान कंपनी सचेत हो गई। वह प्रखर को किसी भी कीमत पर अपने से अलग नहीं होने देना चाहती। यही कारण है कि हाल में उसने उन्हें पद और पैसे में बढ़ोत्तरी करने के अलावा ई-सॉप्स यानी एम्प्लॉयी स्टॉक ओनरशिप प्लान देकर उनके साथ अपने संबंध और मजबूत बना लिए हैं।

### इंट्रेस्ट को समझें

पहचान पाने और तरक्की की सीढ़ियां लगातार चढ़ते जाने के लिए यह जरूरी है कि आप अपने इंट्रेस्ट वाले क्षेत्र में खुद को आगे बढ़ाने की अनवरत कोशिश करें। हलांकि कई बार ऐसा भी होता है कि तमाम लोग यह समझ ही नहीं पाते कि वास्तव में उनका इंट्रेस्ट किस दिशा में है। कभी उन्हें एक्टिंग भाती है तो कभी पेंटिंग और कभी स्पोर्ट्स। हद तो यह है कि अक्सर दूसरों को मेडिकल, इंजीनियरिंग या आइएएस की तैयारी करते देख वे खुद भी उसी राह पर चल पड़ते हैं, बिना सोचे-समझे कि वह उनके मन का क्षेत्र है या नहीं। कई बार यह सोचकर भी लोग अपने इंट्रेस्ट वाले क्षेत्र से उल्टी धारा में बहने लगते हैं कि पता नहीं उसमें कुछ बन पाएंगे या नहीं। दुविधा की यह स्थिति अगले कुछ सालों में उनकी लय पूरी तरह बिगाड़ देती है। फिर जैसे-तैसे जिंदगी की गाड़ी खींचने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

### बनाएं पहचान

अगर आप अपने इंट्रेस्ट को बखूबी समझते हुए उसी दिशा में अपना टैलेंट तराशने की कोशिश करेंगे, तो आप एक न एक दिन जरूर कामयाब और कॉन्फिडेंट होंगे। आज के समय में किसी भी फील्ड को कम करके नहीं आंका जा सकता। ऐसे में जो भी आपका इंट्रेस्ट एरिया हो, उसमें पूरी तरह डूबें। उसमें अव्वल दर्जे की महारत हासिल करने की कोशिश करके ही आप अपनी पहचान बना सकते हैं।

### से तौबा

कोई भी व्यक्ति शुरूआत से ही परफेक्ट नहीं होता। वह गलतियों से सीखता और खुद को सुधारता है। सामने आने वाली कमजोरियों पर नजर रखते हुए समय रहते उन्हें दूर कर लेता है। लेकिन जो खुद को औरों से ज्यादा ज्ञानवान और होशियार समझता है, अपनी कमजोरियों को नजरअंदाज करता है, वह अपने ही विकास में रोड़े अटका देता है।

### मल्टीटास्कर की पूछ

जिस फील्डट में आपका स्पेशलाइजेशन है उसमें तो आप आगे बढ़कर अपनी क्षमता दिखाएं ही। इसके अलावा, मल्टीटास्कर बनने की दिशा में भी कदम बढ़ाएं। कई बार ऐसा होता है कि ऑफि स में अचानक कोई काम आ जाने पर उसका एक्सपर्ट नहीं मिलता। ऐसे में संकटमोचक का काम मल्टीटास्कर ही करता है। आज वह समय नहीं रहा जब एक ही काम करते हुए पूरी जिंदगी बिता दी जाती थी। आज एम्प्लॉयी से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपने फील्ड से संबंधित हर तरह के काम निपुणता के साथ कर सकता है।

### टीम वर्क और एटीट्यूड


आज के समय में कामयाबी की एक शर्त टीम वर्क के रूप में काम करने की काबिलियत भी है। अगर आप अपनी टीम के साथ तालमेल बनाकर रखते हैं तो इससे आप हर तरह के असाइनमेंट को अंजाम तक पहुंचा सकते हैं। लेकिन इसके लिए टीम मेंबर के साथ आपको सहयोगी रुख बनाये रखना होगा। पॉजिटिव एटीट्यूड के साथ आप माहौल को खुशनुमा बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। इससे आउटपुट और बेहतर होगा।

- जॉब मार्केट में अपनी वैल्यू बढ़ाना चाहते हैं तो अपने स्पेशलाइजेशन को लगातार अपडेट करते रहें।
- समय-समय पर अपनी कमजोरियों की तलाश कर उन्हें दूर करने का प्रयास करें।



# मिस्सी मसाला पराठा





सामग्री-गेहूं का आटा- 1 कप, बेसन-1/2 -1 कप, हींग-1 चुटकी, अजवायन-1/4 छोटी, अदरक- 1 इंच अदरक का टुकड़ा (पेस्ट बना लीजिये), लाल मिर्च- 1/4 छोटी चम्मच से कम, जीरा, 1/4 छोटी चम्मच, नमक - स्वादानुसार (आधा छोटी चम्मच), हल्दी पाउडर- 1/4 छोटी चम्मच, हरा धनियां-3-4 टेबल स्पून, तेल-2-4 छोटी चम्मच आटे में डालने के लिये और परांठे बनाने के लिये।

**विधि :** बाउल में गेहूं का आटा, बेसन, तेल, नमक, लालमिर्च, हल्दी, जीरा, हींग और हरा धनियां डालकर अच्छी तरह मिला लीजिये और पानी की सहायता से नरम आटा गूंथ कर तैयार कर लीजिये। गुथे आटे को ढककर आधा घंटे के लिये रख दीजिये आटा फूल कर सैट हो जायेगा। तवे को गरम कीजिये, आटे से थोड़ा सा आटा एक नीबू से थोड़ा अधिक तोड़ कर लोई बना लीजिये। लोई को सूखे गेहूं के आटे में लपेट कर चकले पर रखिये और पतला 2/2-3 इंच के व्यास में बेल कर तैयार कर लीजिये। बेले गये परांठे के ऊपर थोड़ा सा तेल डालकर चारों ओर फैला लीजिये, चारों ओर से आटे को उठाते हुये बन्द कर दीजिये। जो गोल लोई बनकर तैयार हो गई है। उसे सूखे आटे में लपेट कर बेलिये। जैसे ही परांठा चकले से चिपकने लगे बेले गये परांठे को फिर से सूखे आटे में लपेटकर, पतला परांठा बेल कर तैयार कर लीजिये। बेले हुये परांठे को मीडियम गरम तवे पर डालिये। परांठे को निचली सतह पर हल्का सा सिकने पर पलट दीजिये। जब परांठा दूसरी ओर हल्की ब्राउन चित्ती आते हुये सिक जाय तब पहली सतह पर 1 छोटी चम्मच तेल डालकर चारों ओर फैला दीजिये। परांठे को पलट दीजिये। दूसरी ओर भी तेल डालकर फैलाइये। परांठे को ऊपर से चमचे से दबाते हुये। ब्राउन चित्ती आने तक सेक कर पलट दीजिये। परांठे को दोनों ओर से ब्राउन चित्ती आने तक सेक कर उतार लीजिये। सिके हुए परांठे को किसी प्लेट पर रखी प्याली पर रख लीजिये। सारे गोल परांठे इसी तरह बनाकर तैयार किये जा सकते हैं। परांठे के साथ दही, चटनी, अचार, आलू टमाटर की सब्जी या किसी भी सब्जी के साथ परोसिये और खाइये।

# हल्दी के अनोखे नुस्खके



- पेट में कीड़े होने पर 1 चम्मच हल्दी पाउडर रोज सुबह खाली पेट एक सप्ताह तक ताजा पानी के साथ लेने से कीड़े खत्म हो सकते हैं। चाहें तो इस मिश्रण में थोड़ा नमक भी मिला सकते हैं। इससे भी फ ायदा होगा।
- चेहरे के दाग-धब्बे और झाइयाँ हटाने के लिए हल्दी और काले तिल को बराबर मात्रा में पीसकर पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाएँ। - हल्दी-दूध का पेस्ट लगाने से त्वचा का रंग निखरता है और आपका चेहरा खिला-खिला लगता है।
- खाँसी होने पर हल्दी की छोटी गाँठ मुँह में रख कर चूसें। इससे खाँसी नहीं उठती।
- त्वचा से अनचाहे बाल हटाने के लिए हल्दी पाउडर को गुनगुने नारियल तेल में मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को हाथ-पैरों पर लगाएँ। इसे त्वचा मुलायम रहती है और शरीर के अनचाहे बाल भी धीरे-धीरे हट जाते हैं।
- सनबर्न की वजह से त्वचा झुलसने या काली पड़ने पर हल्दी पाउडर, बादाम चूर्ण और दही मिलाकर प्रभावित स्थान पर लगाएँ। इससे त्वचा का रंग निखर जाता है और सनबर्न की वजह से काली पड़ी त्वचा भी ठीक हो जाती है। यह एक तरह से सनस्क्रीन लोशन की तरह काम करता है।



# खतरनाक अंदाज में दिखे राजकुमार राव

**मुंबई।** राजकुमार राव की एक्शन फिल्म मालिक का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में राजकुमार खून बहाते नजर आए हैं। अलग-अलग किरदारों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाले राजकुमार राव अब फुल एक्शन मोड में मालिक बनकर आ रहे हैं। टीजर में राजकुमार राव के दो लुक दिखे हैं। एक में वो बड़ी दाढ़ी और बड़े बालों में नजर आ रहे हैं। जबकि एक लुक में वो बड़े बालों के साथ क्लीन शेव में दिख रहे हैं। मालिक के जरिए राजकुमार राव 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के साथ एक्शन जॉनर में लौटे हैं।1 मिनट 21 सेकेंड के इस टीजर में राजकुमार राव काफी खतरनाक अंदाज में नजर आए हैं। राजकुमार राव का ये खतरनाक अंदाज इससे पहले कभी देखने को नहीं मिला है।



## लाइफ Style

# धनश्री

## एक बार फिर प्यार करने के लिए हैं तैयार

हाल ही में कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल का तलाक हुआ है। तलाक के बाद युजवेंद्र चहल अपने कॅरियर पर फोकस कर रहे हैं, साथ ही अफवाहें हैं कि वह आरजे महवश को डेट कर रहे हैं। धनश्री वर्मा भी अपने कॅरियर पर फोकस कर रही हैं। हालांकि, वह अब प्यार की तलाश कर रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में धनश्री ने इस बात का खुलासा किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक बातचीत में धनश्री वर्मा ने अपने करियर और प्यार के बारे में बताया है। धनश्री वर्मा से पूछा गया कि क्या वह दोबारा प्यार करने के लिए तैयार हैं या अपने कॅरियर पर फोकस करने के बारे में सोच रही हैं? इस पर उन्होंने जवाब दिया कि तलाक के बाद एक बार फिर प्यार करने के लिए तैयार हैं। बातचीत में धनश्री वर्मा ने कहा 'मैं हमेशा से अपने लक्ष्य पर ध्यान देती हूं। चाहे डेंटिस्ट के तौर पर मेरा काम हो या फिर अब एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में मेरी चीजें हों। जब मैंने डांसिंग में अपना करियर बदला था, अपनी अकादमी खोली, कोरियोग्राफ करना शुरू किया, वायरल वीडियो बनाई, तब भी मेरा नजरिया इसी तरह का था।

मुझे लगता था कि मेरी क्लास बेस्ट होनी चाहिए। ये तभी हो सकता था जब मैं ध्यान से काम करूं।' धनश्री ने आगे कहा 'फिर से प्यार करने की बात करें तो आप इन चीजों को प्लान नहीं कर सकते। आप पहले से यह तय नहीं कर सकते कि मैं आज से एक साल बाद प्यार में पड़ूंगी। प्यार एक बहुत अलग चीज है। मेरे लिए सबसे ज्यादा जरूरी ये है कि मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करना चाहती हूं। फिलहाल मैं अपने काम पर ध्यान दे रही हूं। मैं खुद को बेहतरीन तरीके से प्रेजेंट करने पर ध्यान दे रही हूं।' दोबारा प्यार करने के सवाल पर धनश्री ने कहा- 'नसीब में अच्छा लिखा है तो क्यों नहीं?

## हॉलीवुड मसाला



# गोलियों से छलनी मिली जोनाथन जोस की लाश

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड से एक चौंकाने वाली और दुखद खबर सामने आई है। मशहूर अभिनेता और 'किंग ऑफ द हिल' में जॉन रेडकॉर्न की आवाज देने वाले जोनाथन जोस की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अमेरिका के सैन एंटोनियो शहर में हुई इस घटना ने फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री को झकझोर कर रख दिया है। 59 वर्षीय अभिनेता की मौत रविवार शाम को उस वक्त हुई जब उनका अपने पड़ोसी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। बहस इतनी बढ़ गई कि आरोपी ने गुस्से में आकर फायरिंग कर दी, जिसमें जोनाथन को कई गोलियां लगीं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बता दें जोनाथन जोस का कॅरियर हॉलीवुड में बेहद सराहनीय रहा। उन्होंने एनिमेटेड सीरीज 'किंग ऑफ द हिल' के दूसरे सीजन से लेकर तेरहवें सीजन तक जॉन रेडकॉर्न की आवाज दी थी।




# रैपर डिडी पर पीड़िता ने लगाया गंभीर आरोप

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी म्यूजिक इंडस्ट्री के जाने-माने रैपर और बिजनेसमैन सीन 'डिडी' कॉम्ब्स इन दिनों यौन शोषण और मानव तस्करी के गंभीर आरोपों में घिरे हुए हैं। मामले की सुनवाई अमेरिका की एक संघीय अदालत में चल रही है, जहां अब डिडी की पूर्व पर्सनल असिस्टेंट ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। मिया का दावा है कि डिडी ने उनके साथ कई बार शारीरिक शोषण किया, लेकिन फिर भी उन्होंने सालों तक उन्हें भावनाओं में बहकर पॉजिटिव मैसेज भेजे। जब डिफेंस वकील ने इसे लेकर सवाल उठाया, तो मिया ने कहा कि वो उस समय 'ब्रेनवॉश' यानी मानसिक रूप से कंट्रोल में नहीं थीं। उन्होंने ये भी बताया कि डिडी के साथ काम करते समय उन्हें कभी बेहद खास और ऊंचे लम्हों का अहसास होता था, तो कभी बेहद अपमानजनक और डरावने अनुभव होते थे। वकील ब्रायन स्टील ने मिया से सवाल किए कि उन्होंने एक बार सपने में डिडी को खुद को रेस्क्यू करते देखा, जबकि वो वही व्यक्ति हैं जिन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। इस पर मिया का जवाब था कि उनका मानसिक संतुलन और भावनात्मक स्थिति उस समय इतनी उलझी हुई थी कि वो सही-गलत की पहचान खो चुकी थीं।



# सैयारा में लॉन्च हो रहे दो नए संगीतकार

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स की अगले महीने रिलीज होने जा रही फिल्म सैयारा का शीर्षक गाना मंगलवार को ऑन लाइन रिलीज हुआ तो लोगों न सिर्फ इसमें एक खनकती हुई नई आवाज सुनाई दी, बल्कि इस गाने ने यशराज फिल्म्स की संगीत परंपरा में भी एक नया और जोशीला अध्याय जोड़ने की कोशिश की। मोहित सूरी की मानें तो वह पिछले पांच साल से इस फिल्म के गानों पर मेहनत करते रहे हैं। 'सैयारा' के टाइटल ट्रैक के साथ दो प्रतिभाशाली कश्मीरी कलाकारों की भी हिंदी सिनेमा में एंट्री हो रही है। मोहित बताते हैं, इस ट्रैक के माध्यम से हम फहीम अब्दुल्ला और अर्सलान निजामी को लॉन्च कर रहे हैं। ये दोनों दो बेहद टैलेंटेड कंपोजर और सिंगर है। टाइटल गाने को तनिष्क बागची ने कम्पोज किया है, जिनका मैं आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे फहीम और अर्सलान से मिलवाया।



# धूम 4 को अयान मुखर्जी करेंगे निर्देशित

**मुंबई।** आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस धूम सीरीज की फिल्मों के डायरेक्टर बदले रहे हैं। पिछली फिल्मों को अलग-अलग निर्देशकों ने बनाया था। अब धूम 4 के लिए भी एक नए डायरेक्टर का नाम सामने आ रहा है। प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा और राइटर श्रीधर राघवन ने फिल्म 'धूम 4' की स्क्रिप्ट पर काम कर लिया है। यह जानकारी प्रोडक्शन हाउस के एक करीबी सूत्र ने साझा की है। इस फिल्म में रणबीर कपूर लीड रोल में होंगे। रणबीर कपूर के अलावा बाकी कास्टिंग पर अभी काम चल रहा है। इसी बीच अयान मुखर्जी का नाम फिल्म के डायरेक्टर के तौर पर सामने आया है। रणबीर कपूर और अयान मुखर्जी अच्छे दोस्त हैं। एक साथ कई फिल्में कर चुके हैं। इसमें वेक अप सिड, ये जवानी है दीवानी और ब्रह्मास्त्र शामिल हैं। ये सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं।

## टीवी मसाला

# ड्रामा, गड़बड़ी और तबाही से अब मच गया है हंगामा



**मुंबई।** जब ताकतवर, गुस्सैल और खतरनाक राणा टकराता है शाना सुनील ग्रोवर से, तब होता है असली धमाका! एक ऐसा क्रॉसओवर जिसे किसी ने सोचा भी नहीं था, नेटफ्लिक्स ने एक मजेदार वीडियो रिलीज किया जिसमें राणा दग्गुबती और सुनील ग्रोवर साथ नजर आ रहे हैं और यह वीडियो पूरी तरह से हंगामाखेज है। राणा नायडू की अंधेरी, गंभीर और सख्त दुनिया में अचानक सुनील ग्रोवर की पागलपंती की जबरदस्त एंट्री हो जाती है। और राणा? वो तो बिल्कुल भी तैयार नहीं था। सुनील ग्रोवर, जो कभी भी चुपचाप एंट्री नहीं करते, उन्होंने कहा, 'राणा दग्गुबती और मैं एक ही फ्रेम में? मुझे भी यकीन नहीं हुआ। राणा नायडू की दुनिया बेहद गंभीर, जबरदस्त पॉवर मूव्स, पारिवारिक ड्रामा, एक्शन से भरी हुई है फिर मैं अपनी मस्ती और हंगामे के साथ उसमें एंट्री करता हूं। जैसे ही नेटफ्लिक्स ने मुझे ये आइडिया बताया, मुझे पता था कि यह एकदम पागलपन भरा, लेकिन मजेदार अनुभव होगा। जो कुछ हमने शूट किया वो वाकई में बेमिसाल, अनोखा और बहुत ज्यादा मजेदार था। ऐसा लग रहा था जैसे दो बिल्कुल अलग दुनिया आपस में टकरा रही हों और फिर हर चीज में मेल बैठ गया। राणा नायडू सीजन 2 ड्रामा तो लाएगा ही और साथ में थोड़ी सी पागलपंती भी!'

## विभू राघव के अंतिम संस्कार में पहुंचे सितारे

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी स्टार विभू राघव का दो जून को मुंबई में निधन हो गया है। वह 'निशा और उसके कजिन्स' के लिए सबसे ज्यादा जाने जाते हैं। उनके निधन से पूरा टीवी जगत सदमे में है। एक्टर काफी दिनों से



कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। उनका कैंसर चौथे स्टेज में पहुंच चुका था। अब उनका अंतिम संस्कार हुआ है। उनके अंतिम संस्कार पर कई टीवी स्टार पहुंचे हैं और उन्हें श्रद्धांजलि दी है। विभू राघव के अंतिम संस्कार के वक्त उनकी मां की हालत काफी बुरी रही। रो-रो कर उनका बुरा हाल है। उनकी फैमिली उनको संभालते हुए दिख रही है। उनके अंतिम संस्कार में नकुल मेहता, मोहित मलिक, मोहसिन खान, अनेरी वजानी और अंजलि आनंद पहुंचे। स्टार्स ने विभू को नम आंखों से विदाई दी। अभिनेत्री सौम्या टंडन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए विभू राघव को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने लिखा है 'मेरे खूबसूरत दोस्त विभू राघव अब फरिश्तों के साथ हैं। कल रात हमें छोड़कर चले गए। विभु तुम खूबसूरत थे। अंदर और बाहर से। तुमने मुझे सिखाया कि जब सब कुछ बिखर रहा हो, तब भी कैसे मुस्कुराना है। जब दुनिया में अंधेरा हो, तब कैसे रोशनी को थामे रखना है।

# धुरंधर के सेट से रणवीर-संजय का लीक हुआ वीडियो



**मुंबई।** रणवीर सिंह की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म धुरंधर से उनका और संजय दत्त का लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। रणवीर का यह लुक उनकी पुरानी फिल्म पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी के किरदार की याद दिलाता है। वहीं, संजय का लुक भी काफी दमदार नजर आया। मंगलवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'धुरंधर' का एक बिहाइंड-द-सीन वीडियो लीक हुआ है। इस वीडियो में रणवीर सिंह लंबे बाल और खास अंदाज में अपनी वैनिटी वैन से सेट की ओर जाते दिखे। उनका लुक कुछ-कुछ उनकी फिल्म 'पद्मावत' के किरदार खिलजी से मेल खाता नजर आया। वहीं, इसी वीडियो में संजय दत्त भी नजर आए। संजय सफेद पठानी कुर्ता और शॉल में खड़े दिखाई दिए। इस फिल्म में संजय दत्त और रणवीर सिंह के अलावा आर माधवन, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल भी नजर आएंगे। धुरंधर को उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक के निर्देशक आदित्य धर बना रहे हैं। इस फिल्म की घोषणा जुलाई 2024 में की गई थी। रणवीर ने इस फिल्म की घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर लिखा था, यह मेरे फैंस के लिए है। यह एक खास सिनेमाई अनुभव होगा। इस बार, यह व्यक्तिगत है।

# लता ने बाथरूम में गाया था 'जब प्यार किया तो डरना क्या'

**बड़ी खास थी वजह, रिजेक्ट हो चुके थे 105 गाने**





**नई दिल्ली।** साल था 1960। थिएटर में एक फिल्म आई, जिसने हिंदी सिनेमा की परिभाषा ही बदल दी। नाम था – मुगल-ए-आजम। दिलीप कुमार, मधुबाला और पृथ्वीराज कपूर जैसे बड़े स्टार्स की ये फिल्म अपने शानदार सेट्स, दमदार डायलॉग्स और दिल छू लेने वाले गानों के लिए आज भी याद की जाती है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म का सबसे फेमस गाना 'जब प्यार किया तो डरना क्या' कितनी मेहनत से बना था? इस गाने को लिखने से पहले 105 गाने रिजेक्ट हो चुके थे। फिर कहीं जाकर इस गाने के बोल फाइनल हुए। इसे लिखने में ही 100 घंटे से ज्यादा का वक्त लग गया था। गाने की रिकॉर्डिंग भी आम नहीं थी। संगीतकार नौशाद और गायिका लता मंगेशकर चाहते थे कि आवाज में एक खास गूंज हो, जो स्टूडियो में नहीं मिल पा रही थी। इसलिए, लता जी ने ये गाना बाथरूम में खड़े होकर रिकॉर्ड किया। जी हां, बाथरूम की गूंज को माइक में कैद किया गया और वहीं से निकला वो जादू, जो आज तक सबके दिलों में बसा है।

### 10 लाख थी गाने की लागत

*इस गाने को शूट करने के लिए एक शीशे का भव्य सेट तैयार किया गया था। जिसकी लागत थी करीब 10 लाख रुपए – उस दौर में ये रकम बेहद बड़ी मानी जाती थी। सिर्फ सेट पर ही 2 लाख खर्च हो गए थे। डायरेक्टर के.आसिफ इस गाने को परफेक्ट बनाना चाहते थे, और उन्होंने कोई समझौता नहीं किया।*

### 14 साल लगे मुगल-ए-आजम को बनने में

*मुगल-ए-आजम को बनने में 14 साल लगे। बीच में प्रोड्यूसर बदल गए, पैसे की कमी आई, लेकिन आसिफ साहब ने हार नहीं मानी। आज भी जब कहीं 'जब प्यार किया तो डरना क्या' ये गाना बजता है, तो सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि सिनेमा के पीछे का जुनून और शिद्दत गूंजती है।*

# 77 करोड़ रुपए का कलेक्शन, अमिताभ को मिली सिर्फ 1 रुपए फीस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड की चकाचौंध भरी दुनिया में शोहरत और दौलत हमेशा साथ-साथ चलती है। स्टार जितना बड़ा होता है, उसकी तनख्वाह भी उतनी ही ज्यादा होती है। आमतौर पर देखा जाता है कि बड़े एक्टर्स एक फिल्म के लिए करोड़ों रुपए लेते हैं, जो उनकी प्रतिभा, स्टारडम और फिल्म में उनकी मौजूदगी के लिए दी जाने वाली फीस होती है। लेकिन, शायद ही कभी हमें ऐसी कहानी सुनने को मिलती है, जिसमें स्टार्स ने पैसे को पीछे छोड़ दिया हो और अपने रिश्ते को प्राथमिकता दी है। ऐसी ही एक कहानी बॉलीवुड के सबसे बड़े नाम शहंशाह अमिताभ बच्चन की है।

## बिग-बी ने पैसे को पीछे छोड़ अपने रिश्ते को दी प्राथमिकता



### पहले मांगी मुंहमांगी रकम और अगली फिल्म में सिर्फ 1 रुपए

*लेकिन, इस फिल्म को और भी खास बनाने वाली बात यह थी कि एक ऐसी दुनिया में जहां स्टार्स अपनी तनख्वाह के लिए मोल-तोल करते हैं, वहीं अमिताभ बच्चन ने सिर्फ 1 रुपए लिए। और, इस इशारे के पीछे की वजह भी उतनी ही दिल को छू लेने वाली है। उस समय यश चोपड़ा और अमिताभ बच्चन ने फिल्म सिलसिला में साथ काम किया था। यश चोपड़ा ने दिग्गज अभिनेता अमिताभ से पूछा था कि उन्हें कितना पैसा चाहिए। इस सवाल पर बिग बी ने जवाब दिया, 'मुझे और चाहिए, क्योंकि मैं एक घर खरीदना चाहता हूं।' उनकी इच्छा का पालन करते हुए, यश चोपड़ा ने उन्हें उसी हिसाब से भुगतान करना सुनिश्चित किया। अगली बार जब यश चोपड़ा ने मोहब्बतें के लिए अमिताभ से यही सवाल पूछा, तो उन्होंने कहा, 'आपने मुझे पिछली बार जो मांगा था, वो दे दिया। इस बार मैं फिल्म के लिए सिर्फ 1 रुपए लूंगा।'*

### फिल्म ने बजट से 4 गुना ज्यादा कमाया

यह फिल्म 19 करोड़ रुपए के भारी भरकम बजट पर बनी थी और इसने अपनी लागत से 4 गुना ज्यादा यानी दुनिया भर में 77 करोड़ रुपए की कमाई की। यह फिल्म न सिर्फ व्यावसायिक रूप से सुपरहिट रही, बल्कि इसने अमिताभ जैसे अभिनेताओं की कई पीढ़ियों को उस समय के उभरते सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ एक साथ ला खड़ा किया। आज भी अमिताभ बच्चन दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाए हुए हैं। हिंदी फिल्म सिनेमा में उनका योगदान बेमिसाल है और आज भी वे बॉलीवुड इंडस्ट्री के सबसे मशहूर और सम्मानित अभिनेताओं में से एक हैं। आज भले ही वे काफी ज्यादा पैसे लेते हों, लेकिन मोहब्बतें के लिए सिर्फ 1 रुपए लेने का उनका अंदाज दिखाता है कि वे न सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता हैं, बल्कि एक बेहतरीन इंसान भी हैं।

# जानलेवा हमले व थार से कुचलने वाले दो आरोपी हुए गिरफ्तार



**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-53 में दो भाइयों के साथ मारपीट करने और एक को थार जीप से कुचलने का प्रयास करने के मामले मे थाना सेक्टर-24 पुलिस ने बीती रात को दो भाईयों अमन अवाना पुत्र सुधीर अवाना तथा आकाश अवाना पुत्र सुधीर अवाना निवासी सेक्टर 23 को गिरफ्तार किया है। इनके पिता का ट्रांसपोर्ट का बड़ा कारोबार है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने बताया है कि सोशल मीडिया पर कमेंट को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। आरोपियों ने पीड़ित सुमित यादव और सौरभ को अपने ऑफिस में बुलाया था। वहां पर इन लोगों के बीच विवाद हुआ तथा इन लोगों ने उनके ऊपर घातक हमला किया। इस घटना में शामिल कुछ लोग फरार हैं।

घटना को लेकर सोशल मीडिया पर मंगलवार को तीन वीडियो वायरल हुए थे। इनमें दो भाइयों के साथ 10-15 लोग मारपीट कर रहे आरोपियों ने टक्कर मारकर एक युवक पर थार चढ़ाने का प्रयास किया था। इससे युवक उछलकर नाले में गिर गया था। तीसरी वीडियो में युवक पर ईंट से हमला किया जा रहा था। इस घटना में घायल दोनों भाई को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल युवकों की पहचान सेक्टर-48 निवासी सौरभ यादव और सुमित यादव के रूप में हुई थी। वहीं, आरोपियों की पहचान आकाश अवाना, अमन अवाना, गौरव चौहान और कुनाल चौहान समेत अन्य के रूप में हुई थी।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने इस घटना के बाद कड़ी कार्रवाई करते हुए सेक्टर-24 थाने के प्रभारी निरीक्षक श्यामबाबू शुक्ला और गिझौड़ चौकी प्रभारी जगमोहन को निलंबित कर दिया। बताया गया कि इन दोनों ने घटना की जानकारी होने के बाद भी उच्च अधिकारियों से छिपाया और घटना से संबंधित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कोई सार्थक प्रयास नहीं किया। ऐसा करके निलंबित पुलिसकर्मियों ने लापरवाही, अनुशासनहीनता का परिचय दिया है। पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने बताया कि इनकी विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं। इस घटना में जिस थार का वीडियो वायरल हुआ था, उसे जब्त कर यातायात पुलिस ने नंबर के आधार पर 68,500 रुपये का ऑनलाइन चालान किया है।

# आधुनिक सुविधाओं से लैस है थाना सेक्टर-126 का नया भवन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के थाना सेक्टर 126 के नए भवन का उद्घाटन गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने किया। पहले थाना सेक्टर-126 जाने के लिए पहले उत्तर प्रदेश का बार्डर क्रास कर दिल्ली की रेड लाइट से यू टर्न करना पड़ता था और फिर इस थाने में पहुंचते थे। अब थाना सेक्टर 126 का नया भवन आईटी कंपनियों के बीच बना है। इसके निर्माण पर 14 करोड़ रूपये खर्च किए गए हैं।

थाना सेक्टर-126 के नये भवन के उदघाटन अवसर पर पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने कहा कि ये थाना अन्य थानों से थोड़ा अलग है क्योंकि यहाँ सभी आधुनिक सुविधाएं हैं। इंटरनेट के लिए ऑप्टिकल फाइबर और साइबर क्राइम जैसे मामलों से निपटने के लिए अलग अलग से कक्ष बनाए गए हैं। इतना ही नहीं थाने के बगल में ही पुलिसकर्मियों के रहने की व्यवस्था की गई। इस इमारत में फ्लैट की तरह कमरे बन कर तैयार हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले शिकायतकर्ताओं को एक अलग ही पुलिस के प्रति एक्सपीरियंस मिलेगा। थाने में ग्रीन एनर्जी का भी विशेष ध्यान रखा गया है और आने वाले दिनों में इस थाने को पेपरलैस बनाने का भी प्रयास किया जाएगा।

पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने बताया कि ट्रैफिक मुख्यालय द्वारा गर्मी को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को 100 हीट कंट्रोल हैलमेट दिए गए हैं। इस दौरान कमिश्नर ने चौकीदारों को भी सम्मानित किया।

उद्घाटन के मौके पर एडिशनल पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था आरएन मिश्रा, एडिशनल पुलिस कमिश्नर हेड क्वार्टर अजय कुमार, डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद, डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी, डीसीपी ट्रैफिक लखन सिंह यादव, एसीपी ट्विंकल जैन, प्रवीण कुमार सिंह, फोनरवा अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, डीडी आरडब्ल्यूए अध्यक्ष एमपी सिंह समेत शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जल व सीवर की शिकायत करना आसाना, टोल-फ्री नम्बर जारी

## प्राधिकरण ने जन सुविधा के लिए शुरू की व्यवस्था : आरपी सिंह

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा प्राधिकरण से यदि आपको



जल तथा सीवर से संबंधित कोई शिकायत है तो उसके त्वरित समाधान के लिए टोल फ्री नंबर तथा कॉल सेंटर पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

जल एवं सीवर विभाग के महाप्रबंधक आर.पी. सिंह ने बताया कि यदि किसी भी सेक्टर या गांव में जल तथा सीवर से संबंधित कोई शिकायत हो तो टोल फ्री नम्बर 14420 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यह कार्यालय सेक्टर-37 में स्थापित है तथा यहां 22x7 शिकायत दर्ज की जा सकती है।

इसके अलावा सेक्टर-26 में कॉल सेंटर भी स्थापित है। जहां पर 0120-2425025/26/27 पर शिकायत दर्ज की जा सकती है।

उन्होंने बताया कि लोग ट्वीटर पर भी नोएडा अपनी शिकायत हैंडल से ट्वीटर पोर्टल पर अपनी शिकायतें दर्ज करा




सकते हैं। ताकि उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके।

# 10 लोगों को दिया जाएगा माटीकला कौशल विकास योजना प्रशिक्षण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गौतमबुद्धनगर अनिल कर्णवाल ने बताया कि जनपद में उ0 प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित 'माटीकला कौशल विकास योजना' अन्तर्गत 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु 10 प्रशिक्षार्थियो के चयन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

इस योजनान्तर्गत चयनित आवेदकों को नि:शुल्क 15 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत माटीकला की कलात्मक सौन्दर्य परक सजावटी गृह उपयोगी वस्तुएं बनाने, मूर्तिकला, चीनी मिट्टी के बर्तन, कसीदाकारी आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। योजना के अन्तर्गत शहरी एवं ग्रामीण बेरोजगार व्यक्ति आवेदन कर सकते है।

प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिदिन 250 रूपये की दर से 3750 रूपये प्रशिक्षुवृत्ती दी जायेगी एवं रहने व खाने की व्यवस्था नि:शुल्क उपलब्ध करायी जायेगी। इच्छुक व्यक्ति जिनकी आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष के मध्य हो एवं साक्षर हों, वह www.upmatikal-aboard.in पर जाकर आनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन उपरान्त एक प्रति जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, विकास भवन, कक्ष संख्या 206-207 में 30-06-2025 तक जमा कराये। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9580503196 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# कल्दा के पुस्तकालय में दान दी पुस्तकें



**दादरी ( चेतना मंच )।** समाजसेवी राजीवभाई नवादा ने ग्राम पंचायत इस्लामाबाद कल्दा मे स्थित पुस्तकालय मे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओ के लिए उपयोगी पुस्तकें दान दी ।

पुस्तकालय की देख रेख कर रहे अजीत भाई व सचिन भाई ने राजीवभाई नवादा के इस समाज हित कार्य की प्रशंसा करते हुएं कहा कि समाज मे ऐसी छोटी छोटी किन्तु सार्थक पहल अगर चलती रहे तो गांव आँचल से भी देश का नाम रोशन करने वाले युवा निकलते रहेगे ।

# 14-15 को नोएडा स्टेडियम में होगा राजा पर्व समारोह का आयोजन

**दादरी ( चेतना मंच )।** पहली बार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ओडिशा के सबसे बड़े और विशिष्ट फेस्टिवल 'राजा पर्व' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 'राजा पर्व' समारोह की तैयारियों को लेकर सामुदायिक विकास समिति द्वारा बुधवार को नोएडा मीडिया क्लब में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया, प्रेसवार्ता के दौरान विकास समिति के पदाधिकारी ने आगामी 14 जून और 15 जून को होने वाले राजा पर्व समारोह के बारे में विस्तार से जानकारी दी, प्रेसवार्ता के दौरान सामुदायिक विकास समिति के अध्यक्ष मनोरंजन मोहंती ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा आगामी 14 जून और 15 जून को नोएडा के सेक्टर 21 ए स्थित नोएडा स्टेडियम में राजा पर्व समारोह का आयोजन किया जाएगा।




दो दिवसीय इस महोत्सव में ओडिशा की कला, संगीत, नृत्य, भोजन और हस्तशिल्प का भव्य प्रदर्शन देखने को मिलेगा। पूरे कार्यक्रम को एक कल्चरल कार्निवल की तरह डिजाइन किया गया है जिसमें ओडिया कल्चर की आत्मा को आधुनिक प्रस्तुति के माध्यम से जीवंत किया जाएगा। ओडिशा और एनसीआर के ख्यातिप्राप्त आर्टिस्ट्स जैसे कि कॉमेडी किंग पपु पम पम, सिंगर अनिंदिता दास, देवेश पाटी, पपु पांडा, ज्योति और ओलिवुड के सुप्रसिद्ध अभिनेता-निर्देशक अश्रुमोचन मोहंती अपनी परफॉर्मेंस से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। इसके साथ ही पारंपरिक नृत्य शैलियों जैसे ओडिसी, संबलपुरी, मणिपुरी, गोटीपुआ, झूमर, ट्राइबल और मॉडर्न डांस की प्रस्तुतियाँ होंगी जो युवाओं को विशेष रूप से आकर्षित करेंगी।

इस मौके पर देबब्रत मिश्रा,धनेश्वर नायक और प्रमोद भल भी मौजूद थे।

# बिजली के निजीकरण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-19 सिटी मैजिस्ट्रेट कार्यालय पर भारतीय किसान संगठन के सदस्यों ने उप्र में बिजली के निजीकरण की योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया।

विरोध प्रदर्शन के दौरान संगठन के मंडल सचिव सुरेन्द्र वशिष्ठ ने कहा कि उत्तर-प्रदेश सरकार द्वारा बिजली के निजीकरण का फैसला किसान ही नहीं तमाम मेहनतकश जनता के खिलाफ है। खुद बिजली कर्मचारी लम्बे समय से इसके खिलाफ आन्दोलन कर रहे हैं लेकिन आम उपभोक्ता, मजदूर किसान,कर्मचारी किसी की बात सुनने के बजाय प्रदेश की योगी सरकार तानाशाह की तरह विरोध की हर आवाज को खामोश करने पर आमादा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपने पूंजीपति मित्रों के मुनाफे के लिए मोदी सरकार ने 2020 तक बिजली कानून में तीन बार संशोधन किये थे।

पिछले रिकॉर्ड बताते हैं कि आज तक देश में जहां कहीं भी बिजली का निजीकरण हुआ है जनपक्षीय नहीं रहा है। इससे बिजली बेहद महंगी हुई और बिजली का बेशकीमती सार्वजनिक व सरकारी ढाँचा निजी कम्पनियों के कब्जे में चला गया। आज जहां करीब 1रूपये से 4.46 रुपये प्रति यूनिट सरकारी बिजली उपभोक्ताओं को मिलती हैं वहीं जिन राज्यों में बिजली निजी कम्पनियों के हाथों में है वहाँ इसकी दर 17 रूपये प्रति यूनिट तक है। बिजली के निजीकरण से सरकारों को भी हमेशा घाटा ही हुआ है। उत्तर-प्रदेश में ही 2009 में आगरा की बिजली टोरेंट कम्पनी को दे दी गयी थी तो उसने सरकार से सस्ती बिजली लेकर उपभोक्ताओं को महंगी बेचकर भारी मुनाफा कमाया और सरकार को आठ सालों में ही 4 हजार करोड़ तक का घाटा हुआ।

इस मौके पर दीपू, पूरण, मुकेश,राजेश, रहीसुद्दीन, विकास, विष्णु आदि संगठन से जुड़े लोग उपस्थित थे।

